नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 246 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

पेज -4 पर संबलपुरी पैटर्न की सुंदर साड़ियां बन रही रीपा में

धरमजयगढ़, शनिवार 1 जुलाई 2023

हर घर जाकर कांग्रेस सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को बताना है पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## बिलासपुर में गरजे जेपी नड्डा, मोदी सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**बिलासपुर ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज बिलासपुर में जनसभा लेकर चुनावी शंखनाद किया। जेपी नड्डा ने बिलासपुर के मंच से एक तरफ जहां मोदी सरकार के कामों का बखान किया, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की मौजूदा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। नड्डा ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार से की। उन्होंने छत्तीसगढ़िया सब ले बढ़िया का नारा भी मंच से बुलंद किया। नड्डा ने कहा कि.अटल जी ने इस छत्तीसगढ़ को बनाया.।

छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव भाजपा ने रखी, जिसके बूते आज छत्तीसगढ़ बुलंदी से खड़ा है। जेपी नड्डा ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम पर 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किया जा रहा है। देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है। पूरे देश मे 54 हजार किलो मीटर की नेशनल हाइवे बन कर तैयार हुआ है।

नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धि को गिनाते हुए कहा कि देश मे 23 वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गयी है। बिलासपुर से भी वन्देभरत ट्रेन चल रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 34 लाख शौचलय का निर्माण किया गया। इसके साथ ही गैस का



कनेक्शन दिया गया। यह सब 9 साल में केंद्र की भाजपा मोदी की सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की किसान निधि योजना के जरिये किसानों को लाभ पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने की है।

नड्डा ने महगांई को लेकर कहा कि पूरी दुनिया मे महंगाई काफी ज्यादा है, लेकिन देश में अभी भी 4.2 परसेंट महंगाई है। छ्क्क नड्डा छत्तीसगढ़ में कौन सी ऐसी कौन सी चीज है जो भारतीय जनता पार्टी ने नही किया है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, सड़क, यूनिवर्सिटी और विकास के लिए हजारों करोड़ रूपये दिये हैं। गांव को जोड़ने के लिए सड़क का काम किया गया। भारत माला योजना के तहत सड़क मार्ग को महानगरों से जोड़ा जा रहा है। भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के समय हुए विकास कार्यो के नाम बदलने का काम सिर्फ भूपेश बघेल ने किया है।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिलासपुर के रेलवे फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शराब घोटाला, चावल घोटाला सहित प्रदेश के कई अहम मुद्दों को लेकर भूपेश सरकार की जमकर खिंचाई की।

### एक नजर

## मोदी की 7 को साइंस कॉलेज में सभा



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 7 तारीख को साइंस कॉलेज को सभा लेंगे। सभा की तैयारियों के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, और सांसद सुनील सोनी ने प्रस्तावित सभा का निरीक्षण किया। नरेंद्र मोदी ने अंतत- साढ़े चार साल बाद छत्तीसगढ़ का रुख कर लिया है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनका पहली बार रायपुर आना हो रहा है। इसमें करीब 2 लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से इसकी सूचना मिलने पर प्रदेश भाजपा संगठन ने इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। आज शाम को प्रदेश भाजपा की बैठक में स्थान को लेकर फैसला किया जाएगा। साइंस कॉलेज मैदान या जोरा के मैदान में सभा कराई जाएगी। साइंस कॉलेज का मैदान छोटा पड़ सकता है, इसलिए जोरा के मैदान में सभा होने की संभावना ज्यादा है। सभा के लिए करीब एक लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा जाएगा।

## डीबीएल कंपनी के पत्थर खदान के लिए अवैध सड़क निर्माण

### अधिकारी और जिम्मेदार कारिंदे की बातों में विरोधाभास

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





धरमजयगढ़ क्षेत्र में कई बड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया जारी है। यह सभी कार्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल हैं। जिसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को लाभ दिलाना है। लेकिन कुछ नामचीन ठेकेदारों द्वारा स्थानीय प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए विभिन्न अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। धरमजयगढ़ तहसील क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें एक नामी कंपनी के कारिंदों ने बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के अपने पत्थर खदान क्षेत्र तक पहुंचने के लिए सड़क बनाना शुरू कर दिया है। धरमजयगढ़ के सेमीपाली क्षेत्र में डीबीएल कंपनी को करीब 4 हेक्टेयर निजी भूमि क्षेत्र साधारण पत्थर उत्खनन के लिए आबंटित की गई है। स्थानीय प्रशासन स्तर पर उससे जुड़े अन्य कार्यों की स्वीकृति की प्रक्रिया लंबित है। जिसके बावजूद उस क्षेत्र में पहुंच मार्ग बनाया जा रहा है। अब तक करीब एक किलोमीटर तक सड़क निर्माण के लिए पत्थर व मिट्टी बिछाई गई है।





हैरानी की बात है कि स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारी व अन्य विभागीय जिम्मेदारों को इस सड़क निर्माण के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल ने कहा कि डीबीएल कंपनी को पत्थर खदान के लिए आबंटित किये जाने वाले क्षेत्र में अभी तक पेड़ों की गणना नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि सड़क या पहुंच मार्ग के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं दी गई है। वहीं क्षेत्र के एक अन्य जिम्मेदार अधिकारी ने भी इस विषय पर अनभिज्ञता जाहिर की। यह बिलकुल अप्रत्याशित है कि स्थानीय प्रशासन को अंधेरे में रखकर डीबीएल कंपनी के खदान क्षेत्र में पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह स्थिति बताती है कि ऐसे बड़े ठेकेदारों की मनमानी सिस्टम पर पूरी तरह हावी है।

### परमिशन के नाम पर साहब से सब कुछ हो गया है-परमात्मा द्विवेदी

बिना अनुमति पहुंच मार्ग बनाने के संबंध में जब डीबीएल कंपनी में लाइजनिंग का काम देख रहे कर्मचारी परमात्मा द्विवेदी से इस बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हॉ पहुंच मार्ग बनाया जा रहा है। जिसमें अभी तक कोई पेड़ नहीं काटा गया है। वहीं अधिकारी द्वारा परमिशन नहीं लिए जाने की बात कहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि साहब से बात हो गई है, सब कुछ हो गया है। अब ये जानना जरूरी है कि जिम्मेदार साहब से किस तरह की बात हो गई है? आखिर सब कुछ होने का मतलब क्या है? यह भी कि आला अधिकारी व इस कार्य से जुड़े एक जिम्मेदार की बातों में विरोधाभास क्यों है? इन सवालों के जवाब मिलने पर उसे अगली रिपोर्ट में शामिल करेंगे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर के समापन में पहुंचे





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बिलासपुर के गुजराती भवन में आयोजित भारतीय जैन संगठना के निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर के समापन अवसर पर पहुंचे। उन्होंने शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राइसिकल, श्रवण संबंधी उपकरण, बैशाखी, कृत्रिम अंग प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे संगठन एवं शिविर में सेवा दे रहे सभी चिकित्सकों को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने शिविर में मौजूद दिव्यांगों से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए सभी को स्वस्थ जीवन के शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक श्री शैलेष पाण्डेय, महापौर श्री रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अभय नारायण, नगर निगम के सभापति श्री शेख नजरूद्दीन, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सहित श्री विजय पाण्डेय तथा अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

## लगातार बारिश से ढह गया कच्चा मकान, पति-पत्नी की दबने से हुई मौत



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बड़र हादसा हो गया। यहा के देवरी थाना क्षेत्र में कच्चा मकान गिरने से एक दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मामला ग्राम सिरपुर का है, यहां लगातार हो रही बारिश से परिवार के दो लोग हादसे का शिकार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार रात की है। बताया जा रहा है कि संतराम यादव (55) और उनकी पत्नी कुंती बाई (50) सो रहे थे। बारिश के कारण उनका छप्पर और दीवार भरभराकर गिर पड़े। जिसके नीचे बदने से दोनों की मौत हो गई।

## छत्तीसगढ़ में शराब बंदी के लिए सक्रिय हुई भाजपा

### राज्यपाल को मेमोरेंडन सौंप बताई कांग्रेस की वादाखिलाफी, भारत माता वाहिनी को पंचायतों में फिर सक्रिय करने किया आह्वान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शराब बंदी की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता शुक्रवार को राजभवन पहुंचे. भाजपा महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शराब बंदी को लेकर दिए बयान के खिलाफ पारित निंदा प्रस्ताव का मेमोरेंडम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को सौंपा. भाजपा नेता एवं पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जन घोषणा के बिंदु क्रमांक 14 में कांग्रेस ने शराब बंदी का स्पष्ट उल्लेख किया था. उन्होंने छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ की जनता को वचन दिया था कि यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो पूरे प्रदेश में शराबबंदी करेंगे. आज सरकार का साढ़े 4 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, विधानसभा चुनाव में मात्र कुछ ही महीने शेष है. ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी मीडिया में बार-बार यह बयान दे रहे हैं कि शराबबंदी करना संभव नहीं है।

## रमन सिंह को सबसे ज्यादा तकलीफ हो रही, वो 3 बार जोगी के भरोसे पर मुख्यमंत्री बने, कांग्रेस एकजुट है-भूपेश बघेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रमन सिंह के बयान पर पलटवार किया है. रमन सिंह के टीएस सिंहदेव को झुनझुना पकड़ाने वाले बयान पर कहा कि सबसे ज़्यादा तकलीफ़ रमन सिंह को हो रही है, क्योंकि वो तीन बार जोगी के भरोसे मुख्यमंत्री बने. वो उम्मीद कर रहे थे ऐसा कुछ हो जाएगा. कांग्रेस एकजुट है, एक बार हो गया बार बार नहीं होता. बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बेरोज़गारी भत्ते और पीएम आवास की योजना की राशि ट्रांसफ़र किए जाने पर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास में दो बड़े कार्यक्रम हुए. तीन महीने में 80 करोड़ अब तक बेरोज़गार युवाओं को जारी कर चुके हैं। बीजेपी के पंद्रह साल में 98 करोड़ बांटे. हमने तीन महीने में 80 करोड़ पार कर लिया. आवास में 155 करोड़ की राशि जारी की गई. आवास के लिए हमने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा है. सर्वे काम पूरा हो चुका है।

## बृजमोहन अग्रवाल ने पीएम मोदी के सभा स्थल का किया निरीक्षण



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 7 तारीख को साइंस कॉलेज को सभा लेंगे। सभा की तैयारियों के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, और सांसद सुनील सोनी ने प्रस्तावित सभा का निरीक्षण किया। नरेंद्र मोदी ने अंतत- साढ़े चार साल बाद छत्तीसगढ़ का रुख कर लिया है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनका पहली बार रायपुर आना हो रहा है। इसमें करीब 2 लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से इसकी सूचना मिलने पर प्रदेश भाजपा संगठन ने इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। आज शाम को प्रदेश भाजपा की बैठक में स्थान को लेकर फैसला किया जाएगा। साइंस कॉलेज मैदान या जोरा के मैदान में सभा कराई जाएगी। साइंस कॉलेज का मैदान छोटा पड़ सकता है, इसलिए जोरा के मैदान में सभा होने की संभावना ज्यादा है।

### राज्य सरकार का प्रयास युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मिले रोजगार और स्व.रोजगार के अवसर

## आवास योजना के नये हितग्राहियों को आवास दिलाने राज्य सरकार करेगी केन्द्र से आग्रह-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ता और प्रधानमंत्री आवास योजना,ग्रामीण की किस्तें की जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ते के तृतीय किश्त के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को राशि जारी की। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल भी इस दौरान उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्व.रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना चाहती है। इस उद्देश्य से जहां शासकीय नौकरियों में बड़ी संख्या में भर्तियां की जा रही हैंए वहीं युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ युवाओं को रोजगार और स्व.रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित योजाओं को रोजगार से जोडने् का काम भी साथ.साथ चल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के पिछले दस वर्षों में जुड़े नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार केन्द्र से आग्रह करेगी, यदि केन्द्र से अनुमति नहीं मिलती है। तो राज्य सरकार अपने बलबूते नये हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाएगी।

**रायगढ़ जिले में आवास योजना के हितग्राहियों को 8.21 करोड़ जारी, 62 लाख रुपए बेरोजगारी भत्ता अंतरित**



## पापुनि के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी गिरफ्तार

### आज कोर्ट में पेश किया जाएगा



**रायपुर।** आय से अधिक संपत्ति, और एक-दो अन्य केस में फंसे पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी को ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों के मुताबिक चतुर्वेदी की गिरफ्तारी आंध्रप्रदेश से देर रात की गई। चतुर्वेदी के खिलाफ भ्रष्टाचार, और आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण दर्ज हैं। उन्हें हाईकोर्ट से राहत मिली हुई थी। लेकिन बाद में जमानत खारिज हो गई। इसके बाद से वो फरार चल रहे थे।

बताया गया कि ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम लगातार उनके करीबियों से पूछताछ कर रही थी, और फिर एक जानकारी के आधार पर टीम आंध्रप्रदेश पहुंची और वहां गुंटुर जिले से हिरासत में लिया गया। चतुर्वेदी को कल जिला अदालत में पेश किया जा सकता है।

चतुर्वेदी पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व चेयरमैन देवजी पटेल के करीबी माने जाते हैं। वो पंचायत विभाग के अफसर हैं। वो पाठ्य पुस्तक निगम में प्रतिनियुक्ति पर थे।

# समान नागरिक संहिता से सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम महिलाओं को होगा

*समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद नागरिकों में समानता का भाव आएगा। इसका सबसे अधिक लाभ मुस्लिम महिलाओं को होगा। पुरुषों को चार शादियों का अधिकार, हलाला, उत्तराधिकार जैसे विषयों में उन्हें अन्य महिलाओं के समान ही अधिकार मिलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अब भारत देश के हित में लिया गया अपना एक और संकल्प पूरा करने की ओर अग्रसर है और यह संकल्प है समान नागरिक संहिता का। देश लम्बे समय से समान नागरिक संहिता कानून मांग रहा है, देश के न्यायालय भी ऐसा ही चाहते हैं और सबसे बड़ी बात है कि समान नागरिक संहिता संविधान सम्मत है।*

भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात के संकेत दे दिये हैं कि अब सरकार समान नागरिक संहिता पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और इसे 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व ही संसद के आगामी सत्रों में सदन से पारित करवाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकदम साफ कहा कि कुछ विरोधी दल जो तुष्टिकरण करते हैं तथा मुस्लिम समाज को केवल अपना वोटबैंक समझते हैं वही यूनिफार्म सिविल कोड के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक घर में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा हो तो घर चल पाएगा क्या? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड लाओ लेकिन वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने हमेशा इसका विरोध किया है। उधर, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि एक बड़ी व विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने जो कड़े तेवर दिखाये हैं उससे भी यह संदेश जा रहा है कि अब समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। सरकार समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ आगे बढ़ रही है ताकि उसका विरोध ठंडा हो जाये। यही कारण है कि सबसे पहले केंद्रीय विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों व धार्मिक संस्थाओं से संहिता के सन्दर्भ में उनके सुझाव व विचार मांगे गये हैं ताकि भारत के सभी



नागरिकों, समाजों, पंथों और मजहबों, पर समान कानून लागू हो सके। आम जनता अपने मोबाइल, लैपटाप आदि के माध्यम से विधि आयोग की वेबसाइट पर जाकर आने विचार साझा कर सकती है। विधि आयोग की यह पहल सार्वजनिक होते ही मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाली सभी संस्थाओं के नेताओं, सांसदों व विधायकों ने झूठ पर आधारित बयान देने की श्रृंखला प्रारम्भ कर दी है और यह अनवरत जारी है।

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही समान नागरिक संहिता उसके तीन मूल ध्येयों में से एक रहा है। 2014 से 2019 तक केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक वह दो प्रमुख ध्येय प्राप्त कर चुकी है। पहला अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मुक्त हो चुकी है और वहां भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रगति पर है और दूसरा जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हट चुकी है और अब सरकार समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ रही है। वर्तमान में समान नागरिक संहिता कानून भारत के गोवा राज्य में लागू है जबकि गुजरात व उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड में एक आयोग इस विषय पर आम जनता से मंत्रणा कर रहा है और उसकी रिपोर्ट 30 जून तक आ जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड की जनता से किया गया हर वादा हर हाल में पूरा किया जायेगा और राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। गुजरात और उत्तराखंड में विधानसभा चुनावों से ऐन पहले भाजपा ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए आयोग गठित करके जनता को एक संदेश दिया था जिसका लाभ भी भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मिला था। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि इसी कानून में जनसंख्या नियंत्रण भी आ सकता है जो सभी को मानना अनिवार्य हो जाएगा।

केंद्र सरकार ने इससे पूर्व भी 21वें विधि आयोग से समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे थे तब विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि, अभी देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत नही है। लेकिन अब 22वें विधि अयोग ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर अपनी पहल प्रारम्भ की है। इससे पूर्व 1985 में शाहबानो प्रकरण और फिर 2015 में भी सुप्रीम कोर्ट समान नागरिक संहिता पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कानून बनाने की बात कह चुका है। संविधान के अनुच्छेद-44 में भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही गयी है। इस अनुच्छेद का उद्देश्य संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य के सिद्धांत का पालन करना है। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारत के संविधान के भाग-4 के अनुच्छेद 44 में है। इसमें नीति निर्देश भी दिया गया है कि समान नागरिक संहिता कानून लागू करना हमारा लक्ष्य होगा।

*भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भी संविधान सभा की बैठकों में समान नागरिक संहिता के पक्ष में जोरदार बहस की थी किंतु नेहरू जी की वजह से उनका प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया था। बाबा साहब ने कहा था, मैं व्यक्तिगत रूप से समझ नहीं पा रहा हूं कि क्यों धर्म को इस विशाल व्यापक क्षेत्राधिकार के रूप में महत्व दिया जाना चाहिए जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरा है जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष कर रहा है? हमारी सामाजिक व्यवस्था में सुधार करने के लिए हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हो रही है, हम क्या कर रहे हैं इस स्वतंत्रता के लिए? बहरहाल, समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद नागरिकों में समानता का भाव आएगा।*

मृत्युंजय दीक्षित

## संपादकीय

### चौबीस का एजेंडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते हुए सवाल किया है कि 'दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा?' भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपनाई जा रही तुष्टिकरण की नीति देश के लिए 'विनाशकारी' है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि घर-परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून, दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या वह परिवार चल पाएगा? फिर ऐसी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? उन्होंने स्मरण कराया कि भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। यदि इस बात को ध्यान में रखकर काम किया गया होता तो आज वे लोग, जिन्हें निहित स्वार्थी लोग भड़का रहे हैं, शिक्षा और नौकरियों के मामले में पिछड़े न होते। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से दो टूक अपना मत व्यक्त किया है, उससे साफ हो गया है कि आम चुनाव 2024 में सत्ताधारी भाजपा गठबंधन इसी मुद्दे पर चुनाव मैदान में उतरेगा। वैसे भी यह भाजपा का परंपरागत मुद्दा रहा है। दरअसल, भाजपा के तीन चुनावी मुद्दे रहे हैं जिन्हें मूर्ताकार करने का संकल्प वह अपने घोषणा पत्र में करती रही है। दो चुनावी मुद्दों-जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुचछेद 370 का खात्मा और अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करना-को वह पूरा कर चुकी है।

# देश को एक नहीं अनेक अनुकृति शर्मा चाहिए

आईपीएस अफसर अनुकृति शर्मा ने हाल में एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह एक बुजुर्ग के घर बिजली का कनेक्शन लगवा रही हैं। यदि हर स्तर पर अधिकारी यह ठान लें कि हमें योजनाओं का फायदा निचले स्तर तक पहुंचाना है तो शायद चंद दिनों में न केवल हमारे घर रोशन हो जाएं, साथ ही योजनाओं का फायदा वास्तविक लोगों को मिल जाए।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से मात्र 60 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश का बुलंदशहर जिला है। बुलंदशहर में पदस्थ आईपीएस अफसर अनुकृति शर्मा ने हाल में एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह एक बुजुर्ग महिला नूरजहां के घर बिजली का कनेक्शन लगवा रही हैं। अनुकृति शर्मा ने इसे अपने जीवन में फिल्म स्वदेश वाला वाक्या बताया और इसी वीडियो को पाकिस्तान के चर्चित पत्रकार डॉ. कमर चीमा ने साझा करते हुए तंज कसा कि भारत में लाखों लोग बिना बिजली के जीवन यापन कर रहे हैं।



फिर क्या था, चीमा के तंज पर बहस सोशल मीडिया पर छिड़ी, जिसमें कुछ लोगों ने चीमा को ट्रोल करते हुए कई आंकड़े पेश कर दिए, जिनमें भारत में 99 प्रतिशत घरों में बिजली कनेक्शन लगने और पाकिस्तान में 75 प्रतिशत घरों में बिजली पहुंचने के तथ्य सामने रखे।

बिजली एक ऐसा मुद्दा है, जो पिछले कुछ दशकों में देश की राजनीति के केंद्र में बना हुआ है। वर्ष 2014 में जब दिल्ली की गद्दी पर नरेंद्र मोदी बैठे तो सितंबर 2017 में उन्होंने प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना यानी सौभाग्य योजना की शुरुआत की, जिसमें आर्थिक रूप से गरीब घरों के लिए नि:शुल्क मीटर कनेक्शन और अन्य घरों के लिए 500 रुपये, जो 10 रुपये मासिक किश्त पर बिजली बिलों में समायोजित होता है, का ऐलान किया।

सरकार का दावा है कि अब तक इस योजना के तहत 2.86 करोड़ घर रोशन हो चुके हैं, यानी जब से बिजली भारत में आई है और देश की आजादी के करीब-करीब 70 सालों तक 2.86 करोड़ से अधिक घरों में बिजली नहीं पहुंची थी।

### क्या वास्तव में हर घर पहुंची बिजली?

बिजली को लेकर अक्सर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के दूसरे मंत्री पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि उन्होंने लोगों के घरों को रोशन नहीं किया। इन दिनों मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार सौभाग्य योजना को भी बड़े गर्व के साथ जनता के आगे आंकड़ों के साथ पेश कर रही है, पर सवाल यह नहीं है कि सरकार ने कितने घरों में बिजली का कनेक्शन मुहैया करा दिया।

सवाल यह है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से 60 किलोमीटर दूर एक जिले का कोई घर बिजली कनेक्शन से वंचित कैसे रहा? निश्चित रूप से सरकार की नीतियों, लालफीताशाही और स्थानीय राजनीति को इसके लिए दोषी ठहराया जा सकता है।

वैसे इन दिनों बिजली का मुद्दा देश की राजनीति के केंद्र में भी बना हुआ है और मुफ्त बिजली देने की होड़ राजनीतिक पार्टियों में लगी हुई है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त बिजली से दो चुनाव जीते हैं। पंजाब में उनका यह फार्मूला सफल रहा है। पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस ने भी मुफ्त बिजली का वादा किया और राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार मुफ्त बिजली दे रही है। ऐसा ही छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों में भी हो रहा है।

विनोद पाठक

## मिला जुला

### एक नजर

#### सेंथिल बालाजी की बर्खास्तगी पर लगी रोक, बवाल के बाद राज्यपाल ने वापस लिया फैसला



नई दिल्ली. तमिलनाडु के कैबिनेट मंत्री सेंथिल बालाजी की बर्खास्तगी के फैसले पर रोक लग गई है. गृह मंत्रालय की सलाह के बाद राज्यपाल ने अपना फैसला बदल लिया है. सूत्रों के मुताबिक, सेंथिल के मामले में एटॉर्नी जनरल की कानूनी राय नहीं आ जाती है, तबतक कैबिनेट से बर्खास्तगी नहीं होगी. गवर्नर हाउस के सूत्रों के मुताबिक, सेंथिल बालाजी को तमिलनाडु सरकार से बर्खास्त करने का फैसला सही है।

#### राहुल गांधी ने की राज्यपाल से मुलाकात, उठाया ये अहम मुद्दा; थोड़ी देर में सीएम बीरेन सिंह भी मिलेंगे



इंफाल. मणिपुर में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पद से इस्तीफा देने की अटकलें चल रही हैं। दरअसल सीएम एन बीरेन सिंह थोड़ी देर में राज्यपाल से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, एन बीरेन सिंह सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं। एन बीरेन सिंह शाम तीन बजे के करीब राज्यपाल अनुसुइया उइके से राजभवन में मुलाकात करेंगे। सूत्रों का कहना है कि अगर मुख्यमंत्री इस्तीफा सौंपते हैं तो केंद्र के पास राष्ट्रपति शासन लागू करने का भी विकल्प है। इस तरह की अटकलें हैं कि केंद्र इस बारे में विचार कर रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर में राहत शिविरों का दौरा किया और इसके बाद राज्यपाल से भी मुलाकात की।

### उदयपुर अमित शाह बोले-

# गहलोत अपने बेटे वैभव को सीएम बनाना चाहते हैं. लेकिन सरकार तो बीजेपी की ही बनेगी

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह आज अपने राजस्थान दौरे पर उदयपुर पहुंच गए हैं. अब वह गांधी मैदान में एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे हैं. मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर वह बीजेपी के संपर्क से समर्थन अभियान के तहत उदयपुर में रैली संबोधित कर रहे हैं.

#### अमित शाह बोले- राजस्थान में बनेगी बीजेपी की सरकार

अमित शाह ने भारत माता की जय के बाद भाषण की शुरूआत की. शाह ने कहा संपूर्ण विजय के संकल्प के साथ मोदी जी का तीसरी बार पीएम बनाना है. इस बीच मोदी-मोदी के जमकर नारेबाजी हुई. गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा, गहलोत जी खामाखा ऐसे ही घूम रहे हैं, यहां भीड़ देखकर कोई उन्हें बता दें कि उनके जाने का समय हो गया है.



2023 और 2024 में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है. यहीं जमीन बीजेपी का गढ़ है और इस विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रचंड जीते के साथ सरकार बनाने जा रही है. 2024 में मोदी जी 300 सीटों से अधिक पर जीत कर पीएम बनने जा रहे है. शाह ने कहा राजस्थान में 80 लाख किसानों को मोदी जी ने 16 हजार करोड़ रुपए सीधा उनके बैंक अकाउंट में भेजे. सर्जिकल स्ट्राइक का ज्रिक करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस समेत विपक्ष पर निशाना साधा.

#### 9 वर्षों में देश को विकसित किया- अमित शाह

शाह ने कहा मोदी जी ने 9 वर्षों में देश को विकसित करने का काम किया. विपक्ष की एकता पर बोले मैंने विपक्ष की एकता की पीसी सुनी, वहीं 21 पार्टी के लोग थे. वहां पर 21 लाख करोड़ के घोटाला करने वाले लोग थे.राहुल गांधी को लेकर भी शाह ने निशाना साधा.

#### अमित शाह ने गहलोत पर जमकर साधा निशाना

अशोक गहलोत ने जितने भी वादे किए वह सभी तोड़ दिए. 10 दिन में किसानों का कर्ज माफ होना था लेकिन नहीं किया. युवाओं को बेरोजगारों का भत्ता नहीं मिला. उलटा 19 हजार किसानों की जमीन कुर्क कर ली. 19 से ज्यादा पेपर लीक हो गए हैं. इस प्रदेश में कानून की स्थिति की बुरी है. बॉम्ब ब्लास्ट के दोषी निर्दोष छुट गए.

## मायावती ने मुसलमानों से जुड़े किस मुद्दे पर की पीएम मोदी की तारीफ़

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने शुक्रवार को पीएम मोदी की तारीफ़ करते हुए बीजेपी की राज्य सरकारों से मुसलमानों के लिए आरक्षण लागू करने की अपील की है.

उन्होंने ट्वीट करके लिखा है, पीएम श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भोपाल में बीजेपी के कार्यक्रम में सार्वजनिक तौर पर यह कहना कि भारत में रहने वाले 80 प्रतिशत मुसलमान पसमांदा, पिछड़े, शोषित हैं, यह उस कड़वी जमीनी हकीकत को स्वीकार करना है जिससे उन मुस्लिमों के जीवन सुधार हेतु आरक्षण की जरूरत को समर्थन मिलता है. अत: अब



ऐसे हालात में बीजेपी को पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण मिलने का विरोध भी बंद कर देने के साथ ही इनकी सभी सरकारों को भी अपने यहाँ आरक्षण को ईमानदारी से लागू करके तथा बैकलॉग की भर्ती को पूरी करके यह साबित करना चाहिए कि वे इन मामलों में अन्य पार्टियों से अलग हैं. पीएम मोदी ने बीती 27 जून को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समान नागरिक संहिता की ज़रूरत पर जोर देते हुए कहा था कि पसमांदा मुसलमानों को वोट बैंक की राजनीति की वजह से कभी समान नागरिक के रूप में नहीं देखा गया. उन्होंने कहा था कि यूपी, बिहार और दक्षिण भारत विशेष रूप से केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु समेत दूसरे दक्षिण भारतीय राज्यों में तुष्टिकरण की नीति की वजह से कई जातियों को विकास से वंचित रखा गया.

## अमेरिका के कॉलेजों में आरक्षण खत्म, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बाइडेन खुश नहीं



वाशिंगटन। अमेरिक के सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अफ्रीकी-अमेरिकियों और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए देश के विश्वविद्यालयों में आरक्षण के आधार पर दाखिला खत्म कर दिया है। एक दशक पुरानी प्रथा को पलटते हुए अमेरिका के सर्वोच्च अदालत ने यह फैसला सुनाया है। नस्ल और जातीयता के आधार पर नामांकन पर प्रतिबंध लगा दिया। यह निर्णय रो बनाम वेड मामले में सुनाया गया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि नस्ल और जातीयता के आधार पर कॉलेज में प्रवेश की अमुमति नहीं दा जा सकती है। इससे उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिभावान छात्रों के दाखिले के अवसर कम होंगे। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने कहा कि बहुत लंबे समय से विश्वविद्यालयों ने गलत तरीके से यह निष्कर्ष निकाला है कि किसी व्यक्ति की पहचान की कसौटी चुनौतियों, निर्मित कौशल या सीखे गए सबक नहीं बल्कि उनकी त्वचा का रंग है। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारा संवैधानिक इतिहास उस विकल्प को बर्दाश्त नहीं करता है।

### इस्तीफे की अटकलें

## मणिपुर के मुख्यमंत्री करेंगे गवर्नर से मुलाकात, घर के बाहर जुटे समर्थक



**नई दिल्ली.** लगभग दो महीने से राज्य में जारी जातीय हिंसा को रोक पाने में नाकाम रहने के चलते आलोचना झेल रहे मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह शुक्रवार दोपहर राज्यपाल से मुलाकात करेंगे, और यह चर्चा गर्म है कि वह इस मुलाकात के दौरान इस्तीफे की पेशकश कर सकते हैं. इम्फाल स्थित बीरेन सिंह के आवास के पास सैकड़ों महिलाएं एकत्र हो गई हैं, और मानव शृंखला बनाए खड़ी हैं. इन महिलाओं का कहना है कि वे मुख्यमंत्री का इस्तीफ़ा नहीं चाहतीं. बताया गया है कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए इम्फाल में दोपहर 2 बजे दोबारा कर्फ़्यू लगा दिया जाएगा. इस वक्त कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मणिपुर में दो-दिवसीय दौरे पर आए हुए हैं.

### यलो अलर्ट जारी

## अगले चार दिन तक छह जिलों में भारी बारिश के आसार



**देहरादून.** राजधानी देहरादून सहित नैनीताल, टिहरी, पौड़ी, चमोली और बागेश्वर में अगले चार दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। इन जनपदों में कहीं-कहीं भारी बारिश के साथ ही गरज-चमक के साथ बिजली चमक सकती है। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, तीन जुलाई तक प्रदेश के इन जनपदों में भारी बारिश के आसार हैं।

साथ ही पर्वतीय जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बिजली चमकने और हवा के साथ तीव्र से अति तीव्र बौछार पड़ सकती है।

## मणिपुर सीएम एन बीरेन सिंह नहीं देंगे इस्तीफा, ट्वीट कर दी जानकारी

**इंफाल।** मणिपुर की भड़क रही हिंसा के बीच ऐसी जानकारी सामने आई थी कि राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह आज राज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा दे सकते है। मणिपुर में करीब तीन महीने से चल रही जातीय हिंसा के बीच मुख्यमंत्री का इस्तीफा देना कई सवाल खड़े कर सकता है।इसी बीच खबरे सामने आ रही है कि अब मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है। हिंसा और खराब कानून व्यवस्था को लेकर सीएम को लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है।

सीएम बीरेन सिंह ने ट्वीट करते हुए कहा है कि मैं यह बात साफ कर देना चाहता हूं कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर मैं अपने पद से इस्तीफा नहीं देने वाला हूं। दावा किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह राज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंपना चाहते थे। लेकिन जनता के दबाव के बीच उन्होंने अपना फैसला बदल दिया।

# डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों के बचाव के संबंध में नगर निगम सभाकक्ष में हुई कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में आज नगर निगम सभाकक्ष में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग एवं महामारी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डेंगू एमलेरिया, मौसमी बीमारियों के संबंध में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर जानकी काटजू,सभापति जयंत ठेठवार, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी एवं पार्षदगण, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.बीपी पटेल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया, एपिडेमोलॉजीस्ट डॉ.कल्याणी पटेल तथा एरिया क्वार्डिनेटर एवं मितानीन उपस्थित रहे। कार्यशाला में डेंगू एवं मलेरिया मच्छर की उत्पत्ति और मौसमी बीमारियों से सुरक्षित बचाव हेतु प्रचार-प्रसार करते हुए जनसामान्य को जागरूक किया जाना हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार डेंगू से रोकथाम एवं बचाव हेतु समय पूर्व पूर्ण रूप से तैयारी कर ली जाये ताकि किसी भी प्रकार की भयावह स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने बताया कि एडिज मच्छर काटने से डेंगू फीवर होता है डेंगू फीवर में जनसामान्य को किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नही है। गंभीर अवस्था में व्यक्ति को स्वास्थ्य केंद्रो में भर्ती की आवश्कता होती है। डेंगू वायरस के समय तेज बुखार, तेज सिरदर्द, शरीर के जोड़ो में दर्द जैसे लक्षण होते है। गंभीर स्थिति में मुंह,नाक, मसूड़ो से खून आना प्रारंभ हो जाता है। शरीर में लाल चकते दिखने शुरू हो जाते है। जिससे डेंगू हैमरेजिक फीवर होने की स्थिति निर्मित हो जाती है और शॉक में कन्वर्ट हो जाने के वजह से डेंगू शॉक सिण्ड्रोम जैसी अवस्था आने पर व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। इन सभी परिस्थितियों से बचने के लिये घर में पानी का जमाव न होने दें तथा पानी जमाव वाली जगह को नष्ट करें। पानी टंकी एवं पानी से भरे पात्रों को ढ़क कर रखे। मच्छरदानी का प्रयोग व पूरे बाजू वाले कपड़े पहने और आस-पास साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखते हुए अपने आप और परिवार को सुरक्षित रखे जिससे डेंगू, मलेरिया की बीमारी से बचा जा सकें।

मौसमी बीमारी के संबंध में डॉ.योगेश पटेल द्वारा बताया गया कि बरसात का मौसम अपने साथ . साथ उल्टी.दस्त, पीलीया एवं टायफायड जैसे बीमारियों को भी लेकर आता है।

जिससे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का ध्यान रख कर बचा जा सकता है। बरसात के दिनो में पीने का पानी को उबालकर उपयोग करेंए अपने घरों के आस-पास गंदे, सड़े, गले पदार्थों का जमाव न होने दें, बाजार से लाये गाये खुले खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जी, मांस, मछली, को अच्छे साफ कर उपयोग करें, घर में कोई भी खाद्य पदार्थ खुला न रखें। गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करें। बरसात के मौसम में जहरीले कीड़े,जंतु के कांटने की भी अधिक संभावना रहती है। अतरू घर में आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवाईंयों का छिड़काव करते रहना चाहिये।

# दो कर्मचारियों की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर दी गई भावभीनी विदाई

### सेवानिवृत्ति उपरांत दोनों कर्मचारियों के स्वीकृत देय स्वत्वों को किया गया प्रदान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 जीवधन डनसेना एवं शांति लाल यादव का शासकीय सेवा में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने के फलस्वरूप आज शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रायगढ़ में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने दोनों कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वीकृत देय स्वत्वों को भी प्रदान किया। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में इन दोनों कर्मचारियों के साथ ही विगत 6 माह से जिले के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वीकृत देय स्वत्वों का भुगतान एवं पेंशन प्रकरणों का निराकरण सेवानिवृत्त के साथ ही कर दिया जा रहा है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर डीआर रात्रे, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर एसके कंवर एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय नौकरी में सभी को एक दिन रिटायरमेंट होना है। लेकिन अपने कार्य में निपुण एवं कर्तव्यनिष्ठ सेवक हमेशा याद रहते है। दोनों कर्मचारियों का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने सेवाकाल में मिले अपने दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक संपन्न किया। ज्ञात हो कि शान्ति लाल डनसेना वर्तमान में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नत होकर प्रतिलिपि शाखा में मुख्य प्रतिलिपिकार का दायित्व संभाल रहे थे। इसी प्रकार जीवधन डनसेना सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नत होकर तहसील कार्यालय खरसिया में पदस्थ थे। कार्यक्रम में संचालन डीकाराम शेष द्वारा किया गया।

# लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में किया गया निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल द्वारा सभी विभागों के लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को अपने.अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन करते हुए समय अवधि में समाधान करने के लिए कहा है ताकि हितग्राहियों को शासन के योजना का लाभ मिल सके और लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। उक्त निर्देशों के पालन में वन विभाग के द्वारा सेवानिवृत्ति पश्चात् पेंशन प्रदाय करने के लिए आवेदक सुखना राम के द्वारा प्रस्तुत आवेदन का समय-सीमा में कार्यवाही करते हुए पेंशन प्रकरण का निराकरण कर दिया गया है। सुखना राम जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित में संदेशवाहक के पद पर पदस्थ थे। जो 31 मार्च 2013 को सेवा से सेवानिवृत्त हुए है। वर्तमान में इनका पेंशन प्रकरण निराकरण हो चुका है तथा उनके खाते में 1639 प्रतिमाह जमा हो रहा है। इसी प्रकार काष्ठागार गम्हरिया में माह फरवरी से अब तक मजदूरी भुगतान न होने के संबंध में आवेदक रामलगन राम एवं अन्य 15 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मई 2023 को बजट प्राप्त होने के उपरांत चेक माध्यम से संबंधितों को भुगतान किया जा चुका है। काष्ठागार अधिकारी गम्हरिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि भुगतान प्राप्त होने की पुष्टि राम लगन राम एवं अन्य के द्वारा पंचनामा पत्र के माध्यम से किया गया है।

## एक नजर

# मानसिक रूप से बीमार पीड़िता को परिजनों के सुपुर्द किया सखी वन स्टॉप सेंटर ने

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला महिला संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विकास रायगढ़ चैताली राय ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 9 जून को एक पीड़ित भटकती अवस्था में केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड, रायगढ़ में मिलने पर डायल 112 के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ में अस्थायी आश्रय हेतु लाया गया था। पीड़िता ने अपने नाम के साथ पता भी बतायी। पीड़िता ने बताया कि स्वयं के तबीयत में सुधार हेतु परिजन द्वारा कई बार डॉक्टरी इलाज कराया परंतु वर्तमान में कोई सुधार नहीं हुआ। तत्पश्चात परिजनों के द्वारा पीड़िता के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण पीड़िता परेशान होकर पत्थलगांव से रायपुर अपने नाना घर जाने को निकली थी। केवड़ाबाड़ी बस स्टेण्ड, रायगढ़ में बस से नहीं उतरने पर डायल 112 से संपर्क कर पीड़ित युवती की सूचना दी गई। सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा पीड़िता को रायगढ़ के केजीएच अस्पताल में चेकअप के लिए ले जाया गया। जिसमें ज्ञात हुआ कि उसे सीजोफ्रेनीया मानसिक बीमारी होने की जानकारी मिली। तत्पश्चात उसे मेडिकल कालेज रिफर किया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा पीड़िता के परिजनों से संपर्क किया गया। जिस पर परिजन उसे लेने तत्काल रायगढ़ पहुंचे। सखी सेंटर रायगढ़ की केन्द्र प्रशासक विनिता गुप्ता, केस वर्कर कुण्पदमा रात्रे मेडिकल कालेज जाकर पीड़ित के परिजन को पीड़िता की मानसिक स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें मानसिक इलाज हेतु सलाह देते हुए उन्हें परिजनों को सुपुर्द किया।

# ऋण आवेदनों के निराकरण हेतु साक्षात्कार 6 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री युवा स्व.रोजगार योजना वर्ष 2023.24 के अंतर्गत हितग्राहियों का ऋण आवेदनों के निराकरण हेतु साक्षात्कार जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति के समक्ष 6 जुलाई 2023 को दोपहर 12 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, पहाड़ मंदिर रोड, लोचन नगर, रायगढ़ में आयोजित किया जाएगा। हितग्राहियों को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है किसी कारणवश हितग्राहियों को पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे नियत तिथि एवं समय पर निर्धारित स्थान पर साक्षात्कार में सम्मिलि हो सकते है।

# दिवंगत राजेश मिश्रा को ब्राम्हण महासंघ ने दी श्रद्धांजली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



स्थानीय चक्रधर नगर चौक मिश्रा काम्पलेक्स निवासी एवं कांग्रेस नेता राजू मिश्रा के अनुज राजेश मिश्रा के आकस्मिक निधन पर विप्र समाज ने गहन दुख जताया है। जिला ब्राम्हण महासंघ के अध्यक्ष हरेराम तिवारी सहित विप्र समाज के समस्त संगठनों ने दिवंगत को शोक श्रद्धांजली अर्पित करते हुए पीड़ित परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने परमेश्वर से प्रार्थना की है।

# हैवी ब्लास्टिंग का पत्थर छिटककर गिरा, वाशिंग मशीन क्षतिग्रस्त

**कोरबा** । कुसमुंडा खदान में किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग से आसपास के ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खदान से पत्थर छिटक कर मकान में गिर रहा है। ग्राम बरपाली में हैवी ब्लास्टिंग से पत्थर का टुकड़ा छिटककर एक ग्रामीण के आंगन में गिरा। इससे आंगन में रखा वाशिंग मशीन क्षतिग्रस्त हो गया।

बरपाली कदम चौक के पास महेतर दास का परिवार निवासरत है। बुधवार को खदान में हुए ब्लास्टिंग से तीव्रता के साथ पत्थर और ठोस मिट्टी के टुकड़े घर के आंगन में गिर गए। इससे घर के आंगन में रखा वाशिंग मशीन भी टूट गया। ऐसा पहली बार नहीं है, इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। खदान गांवों के काफी करीब आ चुका है और जब भी ब्लास्टिंग होती है तो न सिर्फ उनके घरों पर पत्थर गिरते हैं, बल्कि घरों की दीवारों पर दरारें पड़ चुकी है। प्रबंधन क्षतिपूर्ति देने, ब्लास्टिंग की तीव्रता कम करने समेत अन्य आश्वासन देती है, परंतु धरातल पर कोई काम नहीं किया जाता है। खदान के किनारे बसे लोग इससे बेहद परेशान हैं।

# शुद्ध मतदाता सूची अच्छे निर्वाचन का है आधार-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

### * बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को एक-एक घरों का सर्वे के दिए निर्देश * बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को किया जाएगा सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



** 18 वर्ष आयु वर्ग के नये मतदाताओं का नाम शत-प्रतिशत जोड़ने के दिए निर्देश*

** द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 कार्य म के तहत कलेक्टर सिन्हा ने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की हुई बैठक*

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने सृजन सभाकक्ष में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2023 कार्यक्रम के तहत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची अच्छे निर्वाचन का आधार होता हैं। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को सर्वे का कार्य गंभीरता से करने के निर्देश दिए। जिससे निर्वाचन का कार्य बेहतर ढंग से हो सके। कलेक्टर सिन्हा ने आगामी निर्वाचन अंतर्गत द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर सिन्हा ने निर्देशित किया कि 18 वर्ष के नये मतदाताओं का शत-प्रतिशत नाम जोड़ना सुनिश्चित करें। उन्होंने बुजुर्ग, दिव्यांग एवं तृतीय लिंग की मतदान केन्द्रवार सूची बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मतदाता सूची में नाम जोडने काटने, स्थानांतरण करने की समीक्षा की गई।

बीएलओ ने बताया कि सर्वे कार्य के साथ मतदाता सूची में नाम जोडऩा अर्थात फॉर्म 6, विलोपित एवं मृत मतदाताओं का विलोपन फॉर्म 7 तथा संशोधन हेतु फॉर्म 8 नियमित रूप से सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा घर.घर जाकर किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि विशेष रूप से नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के साथ ही मृत एवं स्थानांतरित लोगों का नाम विलोपित करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम विलोपित करने से पूर्व उनके स्थानांतरण के संबंध में उनके परिवार के अन्य सदस्य अथवा मोहल्ले से संबंधित जानकारी सुनिश्चित करें एवं पंचनामा बनाने पश्चात विलोपन का कार्य करें। इस दौरान बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा सर्वे में आ रही समस्या से अवगत कराए जाने पर कलेक्टर सिन्हा ने नायब तहसीलदार को पहचान पत्र बनवाने के निर्देश दिए। जिससे सर्वे कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने कम प्रतिशत मतदान केंद्रों की समीक्षा करते हुए वहां के बीएलओ से इस संबंध में जानकारी ली। बीएलओ ने बताया कि ऐसे क्षेत्र ज्यादातर औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां मतदाता लिस्ट में नाम है, लेकिन वे वोट नही देते एवं स्थानांतरित हो चुके है। कलेक्टर सिन्हा ने स्वीप कार्यक्रम के तहत इन क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। जिससे वोटिंग प्रतिशत में वृद्धि हो सकें। बैठक में सभी बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

कलेक्टर सिन्हा ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 कार्यक्रम के समीक्षा के दौरान कहा कि बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर कई स्थानों में बेहतर कार्य कर रहे है। उन्हे बेहतर कार्य संपादन हेतु प्रोत्साहित करने लिए आगामी 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

### लैलूंगा विधानसभा के बीएलओ की हुई बैठक

*अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी धनीराम रात्रे ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आज अंतिम चरण में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र की विस्तृत समीक्षा की।*

*जिसके तहत रायगढ़ जिले के सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों में अपर कलेक्टर, विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सभी मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजर के साथ औसत से कम मतदान केंद्रों में मतदान बढ़ाने हेतु चर्चा की गई। उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्रों में सुपरवाइजर, नोडल अधिकारी, बीएलओ एवं तहसीलदार को निरीक्षण कर रैंप, पेयजल, शौचालय विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

# डॉ.महंत ने किया गोमती देवी हास्पिटल का उद्घाटन

### जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त गोमती देवी अस्पताल

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



29 जून को नगर में गोमती देवी हास्पिटल का भव्य उद्घाटन किया गया। कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, तिलोकचंद जायसवाल, गुलजार सिंह ठाकुर सहित गोमती देवी हास्पिटल के संचालक डॉक्टर संजय अग्रवाल के परिवार एवं मुकेश अग्रवाल रमेश अग्रवाल रामअवतार अग्रवाल शिशु रोग विशेषज्ञ राजेश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे डॉ.महंत व अतिथियों का गोमती देवी हास्पिटल के संचालक डॉक्टर संजय अग्रवाल एवं रमेश अग्रवाल ने फूलों का गुलदस्ता भेंटकर व माला पहनाकर स्वागत किया। गोमती देवी हास्पिटल के मुख्य चिकित्सक डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि इस हास्पिटल को सर्व सुविधा युक्त बनाया गया है। यहां आने वाले मरीजों को जहां चिकित्सा की बेहतर सुविधाएं 24 घंटे मिलेगी। तो वही मुख्य रूप से इस हास्पिटल में एक्सरे की सुविधा, पैथोलाजी की सुविधा तथा एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी। विदित हो कि बेरीवाली मंदिर के पास बाराद्वार रोड सक्ती में स्थित गोमती देवी हास्पिटल एक मल्टी.स्पेशिलिटी अस्पताल है जिसमें डाक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी बीमारियों का उपचार किया जायेगा जहां वातानुकूलित कमरों में व्यक्तिगत देखभाल के साथ मरीजों की अत्यधिक देखभाल की जायेगी। इस अस्पताल में मरीजों के उपचार के लिए पैथोलाजी, एक्सरे, एम्बुलेंस आदि की चौबीसों घंटे सुविधा उपलब्ध होगी जहां सर्वोत्तम और नवीनतम तकनीक, चिकित्सा उपकरणों के साथ.साथ उल्लेखनीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है जो सक्ती जिले सहित आसपास के जिलों के मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के तैयार है।

# बेलतरा विधानसभा के पांच बूथ की बैठक में शामिल हुए प्रथम उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।





कांग्रेस के प्रदेश व्यापी बूथ चलो अभियान के तहत शुक्रवार को राज्य के प्रथम उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव बेलतरा विधानसभा के 5 पोलिंग बूथ की बैठकों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रभारियों को बूथ के मैनेजमेंट से लेकर बूथ किस तरह से जीता जाए इस के टिप्स दिए। प्रदेश व्यापी बूथ चलो अभियान के तहत शुक्रवार को राज्य के पहले उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव बेलतरा विधानसभा के मुख्यालय ग्राम पंचायत बेलतरा पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल नगाड़े के साथ सिंहदेव का आतिशी स्वागत किया। जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिंहदेव को फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री का काफिला बेलतरा के सामुदायिक भवन पहुंचा जहां विधानसभा प्रभारी चंद्रप्रकाश बाजपेई सहित अन्य नेताओं ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सामुदायिक भवन में बूथ स्तर की बैठक लेते हुए सिंहदेव ने सेक्टर जोन और बूथ प्रभारियों से मतदाता सूची से नाम का मिलान करने से लेकर नाम जुड़वाने, कटवाने और पर्ची बनवाने सहित बूथ प्रबंधन के अनेक विषयों पर बातचीत की। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सिंहदेव ने कहा कि पहले सदस्य की भूमिका में काम करते थे अब प्रदेश में उप कप्तान की जिम्मेदारी मिली है जिसमें सभी वर्गों के लिए काम करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को आगे बढ़ाना एकमात्र लक्ष्य है। टीएस सिंहदेव सउप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने कहा किघबेलतरा के बाद उप मुख्यमंत्री का काफिला पौंसरा, जलसो, सेमरा और बैमा नगोई पहुंचा जहां बूथ कमेटी की बैठक लेकर वह दूसरे कार्यक्रम के लिए बिलासपुर रवाना हो गए। उपमुख्यमंत्री के बेलतरा प्रवास के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं

### छत्तीसगढ़ के प्रथम उप मुख्यमंत्री का स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ के प्रथम उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के बेलतरा आगमन पर स्कूल सफाई कर्मचारियों ने स्वागत कर दिया बधाई छत्तीसगढ़ में प्रथम उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद 30 जून को विधानसभा बूथ चलो कार्यक्रम में आगमन हुआ मंत्री जी के आगमन पर स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खाडेकर के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी ने मंत्री जी का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रथम उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी प्रमुख रूप से संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खंडेकर बिलासपुर जिला अध्यक्ष संतोष प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, विद्यानंद निर्मलकर,धर्मेंद्र पात्रे,ओम प्रकाश साहू,अनूप, प्रीतम, ईश्वर कश्यप,विकास यादव, प्रदीप नामदेव,संतोष बंजारे, चैतराम ध्रुव गौरेला पेंड्रा रामेश्वर श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी शेखर बैशवाडे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। और कई सामाजिक संगठन के लोगों ने भी उनसे भेंट मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई जिनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन उन्होंने दिया।

# संबलपुरी पैटर्न की सुंदर साड़ियां बन रही रीपा में

अपने शानदार मोटिफ की वजह से छत्तीसगढ़ में भी काफी लोकप्रिय हैं इस पैटर्न की साड़ियां

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





* रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के तरडा गौठान के रीपा में हो रहा काम
* महिलाओं को विशेषज्ञ दे रहे ट्रेनिंग, लाखों का मिल रह आर्डर

दो महीने पहले मैनचेस्टर मैराथन का एक वीडियो वायरल हुआ था। यह वीडियो यूके के मैनचेस्टर शहर का था जहां इंग्लैंड की दूसरी सबसे बड़ी मैराथन प्रतिस्पर्धा आयोजित हो रही थी। इसमें मैनचेस्टर में रहने वाली एक हाईस्कूल टीचर मधुस्मिता जेना ने भी 42 कि.मी. की मैराथन दौड़ 4 घंटे 50 मिनट में पूरी की थी। खास बात है कि इस दौड़ में मधुस्मिता ने संबलपुरी साड़ी पहन कर हिस्सा लिया था और लोगों ने मधुस्मिता के साथ ही भारतीय वस्त्रभूषा परंपरा की काफी प्रशंसा भी की थी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रिय रहीं संबलपुरी साडियों की छत्तीसगढ़ में भी ओडिशा से लगे इलाकों में भारी मांग है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा रीपा के माध्यम से स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित किये जाने की नीति अपनाये जाने से रायगढ़ में संबलपुरी पैटर्न की साडियों का निर्माण कर महिलाएं बड़ी संख्या में आजीविका अर्जित कर रही हैं। रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के तरडा गौठान में इसका कार्य हो रहा है। यहां ओडिया शर्टए सूटपीस और संबलपुरी कपटा पैटर्न साड़ी,पाट साड़ी बनाने पर काम हो रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने यहां उद्यमियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया और इसके बाद यह उद्यम आरंभ हुआ। ढाई महीने पहले यह उद्यम नवस्पर्श फ उंडेशन द्वारा आरंभ किया गया है। फिलहाल 22 महिलाएं इस कार्य से जुड़ी हुई हैं। इसके लिए 5 सैमी मैनुअल जापानी जैकार्ट मशीन लगाई गई है। संबलपुरी पैटर्न साडियों पर काफी महीन काम होता है। डिजाइन में बहुत से मोटिफ का इस्तेमाल किया जाता है। मशीन से आधा काम हो जाता है और आधा काम कलाकारों की अपनी सृजनात्मकता से तथा संबलपुरी साड़ी कला की समझ से होता है। कलाकारों को ट्रेनिंग देने सोनपुर से विशेषज्ञ आये हैं।

एक साड़ी की कीमत तीन हजार से बारह हजार तक होती है। रायगढ़, पुसौर के साथ सुंदरगढ़ में भी इसका मार्केट है और साड़ियों अच्छी संख्या में बिक रही हैं। अभी बमकाई साड़ियों का आर्डर आया है। यह 150 साड़ियों का आर्डर है और 10 लाख का आर्डर है। इसी तरह 20 पाट साड़ियों का भी आर्डर है जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपये होगी। इसी तरह सूट पीस का आर्डर भी है जो 50 मीटर का है और पचास हजार रुपए का है। साथ ही संबलपुरी साड़ियों का बड़ा बाजार रायगढ़ में है क्योंकि यह ओडिशा से जुड़ा हुआ इलाका है और इसकी बड़ी मांग है। स्थानीय बाजारों में इसकी उपलब्धता है और अच्छा खासा प्रतिसाद मिल रहा है। ओडिशा में रथयात्रा बहुत लोकप्रिय है और रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी से जुड़े हुए शंख, चक्र, फूल जैसे मोटिफ बहुत सुंदर लगते हैं। इनके रंगों का चयन और इनका रेखांकन इन्हें बेहद खूबसूरती देता है और यही संबलपुरी साड़ियों में आये हैं।

# कलेक्टर ने की राजस्व विभाग की काम-काज की समीक्षा

शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज यहां कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी काम.काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप लोगों को शासन की हर योजना का लाभ मिले ये सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को भू-स्वामी अधिकार पत्र दिया जाए। कलेक्टर एल्मा ने कहा कि राजस्व विभाग को महत्वपूर्ण और संवेदनशील बताते हुए अधिकारियों को पूरी गंभीरता और प्राथमिकता से निर्धारित कार्य को समय-सीमा के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेखों में सुधार, डायवर्सन के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने भू-राजस्व संहिता में संशोधन अनुसार निर्धारित समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि अपने क्षेत्र के वर्षा मापी यंत्रों का परीक्षण करें, उनमें कमियों पाएं जो तुरंत दूर कराएं। उन्होंने अधिकारियों से अपने अनुभव, परिस्थिति अनुसार जल्द काम निपटाने की बात कही। जनहानि के प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ.अनिल बाजपेयी, छन्नू लाल मारकण्डे, जिले के सभी एसडीएमए डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर पीएस एल्मा ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत राजस्व विभाग समय-सीमा के भीतर आवेदनों को, जाति आय और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने कहा कि राजस्व वाद-विवाद के प्रकरणों को अतिशीघ्र निस्तारित करें। कलेक्टर ने तहसीलदार राजस्व और न्यायालय कार्यों की समीक्षा करते हुए राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों को समय-सीमा में निपटारा करने की बात कही। उन्होने अधिकारियों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य, उचित मूल्य की दुकानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करते रहें। उन्होने निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार चाही गई निर्वाचन संबंधित जानकारी निर्धारित साफ्टवेयर में अपलोड करने और जानकारी निर्धारित समय पर निर्वाचन आयोग को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्म 7, 6 एवं 8 लंबित आवेदनों संबंधी जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए।

# संभागायुक्त कावरे ने किया कार्यालय कलेक्टर सहित अन्य कार्यालयों का किया निरीक्षण

आम लोगों के राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा पर निराकरण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





संभागायुक्त महादेव कावरे ने कार्यालय कलेक्टर पहुंचे। उन्होंने खनिज विभाग, आबकारी,तहसील कार्यालय और जिला पंचायत सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया, कर्मचारियों से भी बातचीत की। उन्होंने आम लोगों के राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा पर निराकरण सुनिश्चित करने तथा कार्यालय में प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आवेदनों के निराकरण की स्थिति, कार्यालय प्रबंधन, साफ-सफ ाई का भी जायजा लिया। अपूर्ण अभिलेखों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज की लम्बी अवधि से कैश बुक का संधारण नहीं होने पर नाराजगी जतायी। ठीक करने निर्देश दिए। लापरवाह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा। समय पर सभी कर्मचारियों को कार्यालय आने के निर्देश दिए। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले और उन्हें भटकना न पड़े। कमिश्नर ने तहसील कार्यालय के समस्त रिकार्ड रूम का मूल्यांकन करने तथा राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौकें पर कलेक्टर पीएस एल्मा जिला अपर कलेक्टर डॉण्अनिल वाजपेयी उनके साथ थे। अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुरुचि सिंह लम्बित प्रकरणों का निराकरण के साथ ही सीमांकन, भू-आबंटन, भू-अर्जन आदि के संबंध में संभागायुक्त को अवगत कराया। संभागायुक्त कावरे ने न्यायालयीन कार्यों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने को कहा। उन्होंने जिला पंचायत में विभिन्न योजना के अलग-अलग बैंकों में खाता होने के संबंध मैं वस्तुस्थिति की जानकारी ली। तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम देखा और उसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर को हरा भरा करने, वाहन पार्किंग, साफ-सफ ाई बेहतर से बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून भू-शाखा, वीसी कक्ष सहित अन्य शाखाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कोटवारों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने को भी कहा। इसके साथ तहसील में बिना ड्रेसकोट के भृत्य दिखाई देने पर अधिकारियों को ड्रेसकोट का पालन कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्टॉफ संबंधी जानकारी ली।

# स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण के लिये जिले के अधिकारी कर रहे स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण

स्वास्थ्य केन्द्रों के स्टोर रूम, वार्ड रूम सुव्यवस्थित हैं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अधिकारी के दिशा.निर्देश में जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में समग्र स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने, अस्पताल के सुचारू संचालन, रखरखाव, स्टोर एवं औषधि के व्यवस्थीकरण, आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिये नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्रों का मॉनिटरिंग तथा भ्रमण किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर कराये जा सकने वाले लघु कार्यों को स्थानीय सरपंच, जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर कराये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। विगत दिवस 27 जुलाई 2023 को उप स्वास्थ्य केन्द्र बंगुरकेला का जिला स्तरीय टीम के द्वारा भ्रमण किया गया एवं अस्पताल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है स्वास्थ्य केन्द्रों का मानीटरिंग तथा अधिकारियों के भ्रमण से सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अब व्यवस्थाएं दुरूस्थ किया जा रहा है। वर्तमान में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के पसिर में साफ-सफ ाई एवं स्टोर रूम सहित अन्य वार्डो में व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हैं।

# स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पतराटोली में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को तिलक लगाकर फ ूल-गुच्छ से स्वागत किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता ने बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। डीईओ संजय गुप्ता ने शाला प्रवेश उत्सव पर सभी बच्चों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल आना है। अध्ययन करना है।

उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है इसमें संसाधन की कमी नहीं है। बेहतरीन शिक्षक विद्यालय में अध्यापन कार्य संपादित कर रहे है। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए शिक्षक काम कर रहे है स्कूल के शिक्षक ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की कठिनाई दूर करने में सहयोग करे। पतराटोली सेजस में शैक्षणिक गुणवत्ता लाएं और प्रदेश में स्कूल का नाम रोशन करें । ज़िले के 13 बच्चों ने प्रदेश में दसवीं बोर्ड में मेरिट में आये इसी दृष्टिकोण से लक्ष्य बना कर काम करें। स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि विगत वर्षों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप का नियमित एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभिन्न खेलकूद हेतु खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध है। सांस्कृतिक क्रियाकलापों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है।

# कलेक्टर लंगेह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तैयारी की ली समीक्षा बैठक

18 आयु वर्ष के युवाओं को स्वीप की गतिविधियों से जोड़ते हुए मतदान के लिए करें प्रोत्साहित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



## एफएसटीए एसएसटी, व्हीएसटी, जिला व्यय निगरानी के कमेठी के गठन करने के दिये निर्देश

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी को लेकर नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को विधान सभा निर्वाचन की तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक सुझाव देने कहा। उन्होंने स्वीप के नोडल अधिकारी से लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए उन्होंने ऐसे मतदान केन्द्र जहां पिछले निर्वाचन के दौरान मतदान का प्रतिशत कम रहा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूक करने तथा 18 आयु वर्ष के युवाओं को स्वीप की गतिविधियों से जोड़ते हुए मतदान के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को आगामी विधान सभा की तैयारी के संबंध में जानकारी दी उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों में कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहें इसके लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में मदद तथा बुथ लेबल एजेंण्डा की नियुक्ति कर शीघ्र निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा। कलेक्टर लंगेह ने नोडल अधिकारियों से सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधा, जैसे पेयजल, छाव, बिजली, शौचालय एवं द्विव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि रूट चार्ट का निर्धारण न्यूनतम दूरी के आधार पर किया जाए तथा निर्धारित रूट चार्ट के उपरांत आवश्यक वाहनों का आंकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाना है। इसके लिए मतदान केन्द्रों में मोबाईल नेटवर्क की जानकारी पहले से प्राप्त कर लें। उन्होंने मतदान केन्द्र प्रबंधन प्लान पर चर्चा करते हुए कहा की आयोग द्वारा मतदान केन्द्र प्लान हेतु निर्धारित प्रारूप में तैयार किया गया है, जिसके आधार पर जानकारी तैयार करें। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की निगरानी में नोडल अधिकारियों को स्वीप द्वारा निर्वाचन के दौरान होने वाले प्रशिक्षण हेतु सभी आवश्यक तैयारी करने को कहा। उन्होंने नोडल अधिकारियों से जिला निर्वाचन प्रबंधन प्लान, बूथ निर्वाचन प्लान, सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति, एफ एसटी, एसएसटी, व्हीएसटी, जिला व्यय निगरानी के कमेठी के गठन करने के निर्देश दिये। उन्होनें निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को नियमावली एवं निर्देशों व प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने कहा। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में समय देते हुए व्यवस्थित निर्वाचन के लिए अभी से तैयारी करें।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी खेल में प्रशिक्षण हेतु ओपन टैलेंट सर्च 10 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत् गैर आवासीय, आवासीय तीरंदाजी अकादमी रायपुर एवं एक्सीलेंस सेंटर, अकादमी बिलासपुर में तीरंदाजी खेल में खिलाड़ियों को चिन्हित कर प्रवेश देने के अनुक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में ओपन टैलेंट सर्च आयोजित किया जा रहा है। जिसके संबंध में राज्य स्तरीय तीरंदाजी कोच द्वारा जशपुर के रणजीता स्टेडियम में 10 जुलाई 2023 को टैलेंट सर्च आयोजित किया जाएगा। इस टैलेंट सर्च में कोई भी तीरंदाजी खिलाड़ी जो तीरंदाजी खेल में अपना कैरियर बनाना चाहता है तथा रायपुर एवं बिलासपुर के अकादमी में प्रवेश लेना चाहता है टैलेंट सर्च में भाग ले सकते है।

### बंदियाखार पत्थलगांव में शैक्षणिक संस्थान यानों का फिटनेस जांच शिविर 05 जुलाई को

**परिवहन अधिकारी ने शैक्षणिक संस्थानों एवं लीज अनुबंध के तहत संचालित वाहनों के जांच हेतु दस्तावेज सहित शिविर में उपस्थित होने के लिए कहा है**

**वाहनों को जांच शिविर में नहीं भेजने पर उपयुक्ता एवं अनुज्ञा पत्र निलंबन की कार्यवाही किया जाएगा**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला परिवहन विभाग द्वारा शैक्षणिक संस्थान यानों का फिटनेस जांच हेतु 05 जुलाई 2023 को 11 से मिशन स्कूल ग्राऊं, बंदियाखार पत्थलगांव में जांच शिविर आयोजित किया गया है। इस हेतु परिवहन अधिकारी ने अधिकारी ने समस्त शैक्षणिक संस्थान संचालकों एवं शैक्षणिक संस्थानों में लीज अनुबंध के तहत संचालित करने वाले बस मालिकों को शैक्षणिक संस्थान में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थान यानों के जांच के लिए वाहनों के दस्तावेज सहित शिविर में वाहनों को भेजने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि यदि वाहनों को जांच शिविर में नहीं भेजा जाता है तो यह माना जायेगा कि यान शैक्षणिक संस्थान में संचालित करने योग्य नहीं हैए। ऐसी स्थिति में वाहनों का उपयुक्ता प्रमाण पत्र एवं अनुज्ञा पत्र निलंबन की कार्यवाही किया जाएगा और वाहन संचालित होते पाया जायेगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जावेगा। साथ ही उपयुक्ता प्रमाण पत्र रद्द दिनांक से वाहन के साधारण बस मानते हुए कर निर्धारिण की कार्यवाही किया जावेगा। कृपया इसे आम सूचना माना जावे।

### जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम हर्राडांड, निवासी मृतक स्व.सागर तिर्की की 26 अप्रैल 2023 सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता सुचिता तिर्की हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले के अधिकारी-कर्मचारी कर रहें हैं रक्तदान

कलेक्टर के सार्थक पहल से ब्लड स्टोरेज में हो रही है वृद्धि

जरूरतमंदों को समय पर मिल सकेगा ब्लड


जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जिले में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं जरूरतमंद लोगों को समय में ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित हो इस हेतु कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने नहीं पहल करते हुए जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्लड बैंक सेंटर जाकर ब्लड डोनेट करने के निर्देशित किया है। ताकि जरूरतमंदों को समय पर ब्लड की मिल सके। नगर पालिका जशपुर एवं खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने जिला चिकित्सालय जाकर ब्लड कर रक्तदान महादान का कार्य किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 26 यूनिट ब्लड स्टोर किया जा चुका है। नगर पालिका जशपुर से 8 यूनिट और खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने 18 यूनिटब्लड डोनेट किया है। गौरतलब है कि कलेक्टर ने जिले में ब्लड की कमी को दूर करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को ब्लड डोनेट निर्देशित किया है। इसी कड़ी में नगरपालिका जशपुर, खाद्य विभाग जशपुर ने सबसे पहले सहयोग का हाथ बढ़ाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम कार्यालय, राजस्व विभाग जशपुर, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर सेना, जनपद पंचायत, एनईएस कॉलेज के एनसीसी एव एनएसएस के छात्र सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी ब्लड डोनेट करेंगे। जिससे जरूरतमंद पीड़ित व्यक्ति को समय पर ब्लड प्राप्त हो सकेगा।

## डीज़ल के नए पोस्टर में हरीश कल्याण प्रखर और उग्र दिखे




जैसा कि तमिल अभिनेता हरीश कल्याण गुरुवार को अपना जन्मदिन मना रहे हैं, उनकी आगामी फिल्म डीज़ल के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में हरीश को बंदूक की तरह फ्यूल डिस्पेंसर पकड़े हुए बैठे हुए और कैमरे से दूर घूरते हुए दिखाया गया है। पोस्टर में दिलचस्प और तीव्र दिख रहे हरीश को लाल टी-शर्ट पहने अत्यधिक संवहनी अग्रबाहुओं के साथ अपनी तराशी हुई काया को दिखाते हुए देखा जा सकता है। डीज़ल का निर्देशन शनमुगम मुथुसामी द्वारा किया गया है और इसमें अथुल्या रवि के साथ हरीश मुख्य भूमिका में हैं। पोस्टर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा: हमारे स्टार हीरो हरीश कल्याण के लिए जश्न मनाएं!



## बॉडीकॉन ड्रेस पहन रकुल प्रीत सिंह ने गिराईं हुस्न की बिजलियां

### टोन्ड फिगर दिखाकर लूटी लाइमलाइट

रकुल प्रित सिंह ने हाल ही में ब्लू कलर की बॉडी फिटेड ड्रेस में ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें उनका लुक भी फैंस को काफी लुभा रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसी ही खूबसूरती देखने को मिल रही है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपने फैशन सेंस के कारण फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपने किलर अवतार से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस भरी अदाएं देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी इन फोटोज में ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो ब्यूटिफुल नजर आ रही हैं। अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में कातिलाना नजरों से फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन फैंस के साथ अपनी वीडियो और फोटोज शेयर करती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

## बिग बॉस ओटीटी 2 शीज़ान के बारे में बात करते हुए भावुक हुईं फलक नाज

बिग बॉस ओटीटी 2 में शामिल अभिनेत्री फलक नाज ने शो में अपने भाई शीज़ान खान की सह-अभिनेत्री तुनिशा शर्मा की मौत के बाद जेल जाने की परेशानी भरी जिंदगी के बारे में बताया।

शो के लेटेस्ट एपिसोड में भावुक होते हुए फलक ने अपने भाई के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके भाई के जेल जाने के बाद उनके परिवार को मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी। फलक ने कहा, मैं कभी भी अपने परिवार के साथ खड़े होने और उसकी रक्षा करने का श्रेय नहीं लेती।

फलक ने साझा किया कि छोटा भाई शाबी केवल शीज़ान के बारे में पूछता रहता था, जब वह सलाखों के पीछे था। वह और उसका परिवार शबी को यह नहीं बता सके कि शीज़ान कब वापस आएगा।

उन्होंने आगे कहा कि, एक बार शबी, शीज़ान से मिलने जेल गए थे। शबी ने खिड़की की दूसरी तरफ रहकर शीज़ान से फोन पर बात की थी और रोते हुए उन्होंने शीज़ान से पूछा था कि तुम घर कब आ रहे हो।

फलक ने कहा कि लोग कहते रहते हैं कि इसके कर्म ही खराब हैं। इंसानियत बिल्कुल नहीं बची है। कुछ लोग तो यहां तक कहते हैं कि मैं यहां शो में अपने परिवार की छवि चमकाने आई हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं है।



## द नाइट मैनेजर 2 तय तारीख से एक दिन पहले डिज्नी+ हॉटस्टार पर हुई रिलीज




आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर की वेब सीरीज द नाइट मैनेजर को दर्शकों और समीक्षकों की ओर से काफी प्यार मिला था। यह सीरीज 17 फरवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। इसका दूसरा भाग 30 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होने वाला था, लेकिन द नाइट मैनेजर 2 ने रिलीज से एक दिन पहले ही हुज्ञ्ञ पर दस्तक दे दी है। इस खबर की जानकारी खुद अनिल ने अपने प्रशंसकों को दी है।

अनिल ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, सब कुछ गिरा दो क्योंकि हमने अभी एक बम गिराया है। द नाइट मैनेजर का दूसरा भाग अब डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। द नाइट मैनेजर 2 में अनिल और आदित्य के अलावा शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, सास्वत चटर्जी और रवि बहल जैसे सितारे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह इसी नाम से बनी एक ब्रिटिश वेब सीरीज की हिंदी रीमेक है।

अनिल कपूर के प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो उन्होंने द नाईट मैनेजर और जेरेमी रेनर की रेनर्वेशन्स में अपने कैरेक्टर्स से एक्टिंग का स्तर खूब बढ़ा दिया। उनके पास फिलहाल रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल', ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के साथ 'फाइटर', 'सूबेदार' और एंड्राइड कुंजप्पन वर्शन 5.25 में नज़र आएंगे।

## जुलाई में अमेजन प्राइम पर प्रदर्शित होती वरुण धवन की बवाल



पिछले काफी समय से फिल्म बवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते दिनों यह खबर आई कि फिल्म सिनेमाघरों में नहीं आएगी, बल्कि ओटीटी का रुख करेगी। अब यह भी सामने आ गया है कि फिल्म कब और किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इसी के साथ इसका नया पोस्टर भी रिलीज किया गया है। फिल्म के हीरो वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर यह ऐलान किया है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

वरुण ने जान्हवी कपूर के साथ फिल्म का नया पोस्टर साझा कर लिखा, बदलेगा सबके दिलों का हाल क्योंकि दुनियाभर में होने वाला है बवाल। इस जुलाई बनेगा माहौल क्योंकि बवाल अमेजन प्राइम वीडियो के जरिए दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचने वाली है। वरुण के इस पोस्ट से उत्साहित होकर एक यूजर ने लिखा, वाह!

## सनी देओल की गदर 2 का पहला गाना उड़ जा काले कावा हुआ रिलीज




गदर 2 फिल्म के पहले गाने और सबसे फेमस गाने उड़ जा काले कावा रिलीज हो गया है. इस गाने ने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर रोमांस की ऐसी आग लगाई है जिसमें तारा सिंह की लेडी लव सकीना डूबी नजर आ रही हैं. इस चंद मिनट के गाने ने तारा और सकीना की लव स्टोरी को फिर से जिंदा कर दिया है. इस गाने में तारा सिंह म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाते नजर आ रहे हैं तो वहीं सकीना उन्हें प्यार भरी नजरों से निहारती हुई दिख रही हैं. 22 साल बाद गदर 2 फिल्म के लिए दोबारा रिक्रिएट किए गए गाने में तारा सिहं और सकीना का फिर वही प्यार नजर अ ा रहा है. गाने में दिखाया गया है कि तारा सिंह, सकीना के लिए गाना गा रहे हैं तो वहीं सकीना तारा की आवाज सुनकर खो हुई नजर आ रही हैं. उड़ जा काले कावा गाने का टीजर एक दिन पहले रिलीज किया था जिसे फैंस का भरपूर प्यार मिला था. इस गाने के टीजर को रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा था- एक बार फिर से तैयार हो जाइए इस जबरदस्त लव स्टोरी के लिए. उड़ जा काले कावा गाना कल रिलीज हो रहा है. गदर 2 फिल्म 11 अगस्त को थियेटर में रिलीज होगी. इस फिल्म को लेकर फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं. इसके साथ ही एक बार फिर से तारा और सकीना की लव स्टोरी को पर्दे पर देखने के लिए काफी बेताब हैं. फिल्म के बने बज को और भी ज्यादा भुनाने के लिए मेकर्स तारा और सकीना को प्रमोशन के लिए उतार दिया है।

# खेल

## वर्ल्ड कप में कौन होगा भारत का नंबर-4

### अय्यर, राहुल और रहाणे दावेदार; 2019 के बाद टीम इंडिया ने 8 खिलाड़ी आजमाए

वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के लिए नंबर-4 पर कौन बल्लेबाजी करेगा? इंडियन मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स के लिए यह सवाल 2019 वर्ल्ड कप के पहले से ही सिरदर्द बना हुआ है। करीब 6 महीने पहले इस नंबर पर श्रेयस अय्यर का खेलना तय माना जा रहा था, लेकिन उनकी कमजोर फिटनेस ने सिलेक्टर्स को अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है।




इस स्टोरी में हम इसी सवाल का जवाब तलाशने का प्रयास करेंगे। इस क्रम में हम समझेंगे टीम में नंबर-4 की समस्या क्यों है? इस समय कौन-कौन से बल्लेबाज इस नंबर के लिए दावेदार हैं?

टीम इंडिया के सामने नंबर-4 की समस्या आज नहीं आई है। असल में यह समस्या युवराज सिंह के रिटायरमेंट के बाद से ही बरकरार है। युवराज ने 2011 वर्ल्ड कप में इस पोजिशन पर खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। युवी के प्रदर्शन के दम पर ही टीम इंडिया ने अपने घर में वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उठाई थी।

2019 वर्ल्ड कप के बाद का डेटा देखें तो हम पाते हैं कि भारतीय सिलेक्टर्स ने नंबर-4 की पोजिशन पर 8 खिलाड़ी आजमाए हैं। नंबर-4 पर इतनी चर्चा क्यों...? नंबर-4 की पोजिशन किसी भी टीम के बैटिंग ऑर्डर के लिए रीढ़ की हड्?डी कही जाती है, क्योंकि टॉप ऑर्डर के फेल होने की स्थिति में स्कोर को आगे बढ़ाने और टीम को बिखरने से बचाने की जिम्मेदारी नंबर 4 पर आने वाले बैटर की होती है। इसीलिए इस पोजिशन पर मजबूत, स्किलफुल और अनुभवी बल्लेबाज को रखा जाता है, जो हर परिस्थिति में खेलने में सक्षम हो।

इतना अहम होने के बाद नंबर-4 की पोजिशन खाली क्यों है? 2019 वर्ल्ड कप में विजय शंकर को इस रोल के लिए चुना गया था, लेकिन वे नाकाम रहे। इसके बाद श्रेय्यस अय्यर इस नंबर पर खेले लेकिन अभी वे चोटिल हैं। अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान चोट लगी थी।

नंबर-4 पर आजमाए गए खिलाड़ियों में श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन सबसे बेहतर है। पिछले वर्ल्ड कप के बाद अय्यर इस स्थान पर भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। अय्यर ने 2019 के बाद से नंबर-4 पर भारत की ओर से खेले 22 मुकाबलों में 47.35 के एवरेज से 805 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और 5 अर्धशतक जमाए हैं।

पिछले साल भी अय्यर कमाल की फॉर्म में रहे। उन्होंने साल 2022 में सबसे ज्यादा 724 रन बनाए। इनमें एक शतक और छह अर्धशतक शामिल थे। अगर अय्यर वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह फिट हो जाते हैं, तो इस पोजिशन पर सिलेक्टर्स की पहली पसंद होंगे।




### एक नजर

## फुटबॉल रैंकिंग में भारत की टॉप-100 में वापसी

### पिछली बार 2018 में पहुंचा था; यह चौथी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

**स्विट्जरलैंड।** सुनील छेत्री की कप्तानी वाली भारतीय फुटबॉल टीम इन दिनों साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप (SAFF) में हिस्सा ले रही है। टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है और टीम इंडिया का मुकाबला 1 जुलाई को लेबनान से बेंगलुरु में होगा। सुनील छेत्री की कप्तानी वाली भारतीय फुटबॉल टीम इन दिनों साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप (SAFF) में हिस्सा ले रही है। टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है और टीम इंडिया का मुकाबला 1 जुलाई को लेबनान से बेंगलुरु में होगा। भारतीय फुटबॉल टीम की टॉप-100 रैंक में वापसी हो गई है। यह टीम की चौथी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। टीम इंडिया ने 5 साल बाद सुपर-100 में वापसी की है। इससे पहले, टीम ने 15 मार्च 2018 को 99वीं रैंक हासिल की थी। दुनिया में फुटबॉल संचालित करने वाली संस्था फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबॉल एसोसिएशन (FIFA) ने गुरुवार को ताजा रैंकिंग जारी की। जिसके अनुसार, सुनील छेत्री के नेतृत्व में साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप (ररस्न) में हिस्सा ले रही टीम इंडिया 100वें नंबर आ गई है। टीम के 1204.9 रैंकिंग पॉइंट्स हो गए हैं।




## अजीत आगरकर बन सकते हैं नए चीफ सिलेक्टर

### कमेटी मेंबर बनने के लिए अप्लाय किया; दिल्ली कैपिटल्स का असिस्टेंट कोच पद छोड़ा

भारतीय टीम के पूर्व तेज अजीत आगरकर टीम इंडिया के नए चीफ सिलेक्टर बन सकते हैं। उन्होंने नेशनल सिलेक्शन कमेटी मेंबर बनने के लिए वेस्ट जोन से अप्लाय किया है। IPL फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने भी उन्हें असिस्टेंट कोच के पद से रिलीज कर दिया। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के मेंबर्स ने भी कन्फर्म किया कि आगरकर ने सिलेक्शन कमेटी मेंबर बनने के लिए अप्लाय किया है। सबसे पहले देखें दिल्ली कैपिटल्स की सोशल मीडिया पोस्ट। इसी पोस्ट के बाद आगरकर के सिलेक्शन कमेटी मेंबर बनने की खबरें तेजी से बढ़ने लगीं। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को यह सोशल मीडिया पोस्ट की। इसके माध्यम से टीम ने अजीत आगरकर और शेन वॉटसन को 2 साल तक असिस्टेंट कोच रहने के लिए धन्यवाद दिया।



टीम ने इनका पद रिन्यू नहीं किया।

दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को यह सोशल मीडिया पोस्ट की। इसके माध्यम से टीम ने अजीत आगरकर और शेन वॉटसन को 2 साल तक असिस्टेंट कोच रहने के लिए धन्यवाद दिया। टीम ने इनका पद रिन्यू नहीं किया।

### आगरकर चीफ सिलेक्टर पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे

45 साल के आगरकर कमेटी मेंबर बने तो वह चीफ सिलेक्टर बनने के प्रमुख दावेदार होंगे। उन्होंने भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में 221 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। चीफ सिलेक्टर की पोस्ट चेतन शर्मा के इस्तीफे के बाद से खाली है। शर्मा ने इसी साल फरवरी ने मीडिया चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में फंसने के बाद पद छोड़ा था। चेतन शर्मा नॉर्थ जोन से थे, ऐसे में नया सिलेक्टर भी इसी जोन से होना था। लेकिन टीम इंडिया के सिलेक्शन कमेटी मेंबर्स पद के लिए BCCI इन नियमों को मानने के लिए बाध्य नहीं है।

## अश्विन ने सुनाया मेलबर्न में पाकिस्तान को हराने का किस्सा

### आखिरी बॉल खेलने के लिए कोहली ने मुझे 7 ऑप्शन दिए थे

टी-20 विश्व कप 2022 में टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के आठ महीने बाद टीम के स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने आखिरी बॉल के बारे में बात करते हुए कहा, जब मैं आखिरी बॉल खेलने आया, तब विराट कोहली ने उस एक गेंद को खेलने के लिए मुझे सात ऑप्शन दिए, उस समय मैने खुद से कहा कि अगर मैं उतना काबिल होता, तो नंबर 8 पर बैटिंग नहीं कर रहा होता। अश्विन के बातचीत का यह वीडियो राजस्थान रॉयल्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। अश्विन ने आगे कहा- मैंने यह बात विराट से नहीं की, मगर मैंने उसकी आंखों में देखा तो वह जोश से भरा हुआ था, वह अलग ही दुनिया में था। उन्होंने कहा- उस मैच में कोहली ने क्या शानदार पारी खेली। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के 16वें मैच में टीम इंडिया का सामना पाकिस्तान से था। टीम इंडिया ने आखिरी बॉल पर रोमांचक जीत दर्ज की थी। विराट कोहली ने इस मैच में नाबाद 82 रन की पारी खेली थी। भारतीय टीम के सामने जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य था और टीम इंडिया ने 31 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे, इसके बाद कोहली और हार्दिक की जोड़ी ने 113 रन की साझेदारी कर इस मैच में भारत की वापसी कराई।



## विनेश-बजरंग को विदेश में प्रशिक्षण की मंजूरी

### किर्गिस्तान में फोगाट 25 और पूनिया 36 दिन बहाएंगे पसीना; टॉप्स ने 24 घंटे में प्रस्ताव किया मंजूर

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को लेकर एक बड़ी खबर आई है। केंद्र सरकार ने ओलिंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के किर्गिस्तान और हंगरी में अभ्यास को टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत मंजूरी दे दी है। बजरंग और विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले कुछ महीने से चल रहे आंदोलन की अगुवाई कर रहे थे। दोनों ने खेल मंत्रालय के टॉप्स टीम को प्रस्ताव भेजा था, जो 24 घंटे के भीतर स्वीकार कर लिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बजरंग किर्गिस्तान में 36 दिन के अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। जबकि, विश्व चैंपियनशिप विजेता विनेश फोगाट किर्गिस्तान के बिश्केक में एक सप्ताह अभ्यास के बाद हंगरी में 18 दिन अभ्यास शिविर में हिस्सा लेंगी। विनेश के साथ उनके फिजियो अश्विनी पाटिल, अभ्यास साझेदार संगीता फोगाट और कोच सुदेश जाएंगे। जबकि, बजरंग के साथ कोच सुजीत मान, फिजियो अनुज गुप्ता, अभ्यास साझेदार जितेंद्र और अनुकूल विशेषज्ञ काजी हसन होंगे।

दोनों पहलवानों की टीम भी जाएगी साथ



विनेश फोगाट | बजरंग पुनिया

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़, शनिवार 1 जुलाई 2023

# सांसद महंत ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के अधिकारियों को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय सड़क मार्ग और राज्यकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार.विमर्श किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, गौ.सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, कलेक्टर संजीव कुमार झा, पुलिस अधीक्षक उदय किरण सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, जिला परिवहन अधिकारी शशीकांत कुर्रे, यातायात अधिकारीएसएएसएण्




परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद महंत ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय हैए बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। श्रीमती महंत ने आमजनों की जान.माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही

**दुपहिया वाहन चालको से अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित कराएंरू सांसद - महंत**

**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी उपाय के दिए निर्देश**

नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने की बात कही। सांसद ने दुपहिया वाहन चालको से अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिन्हित कर रंबल स्ट्रिप बनाने, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने, घुमन्तु मवेशियों को सड़क से हटाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही गाड़ियों के पीछे रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश दिए। सांसद ने स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों में सड़क सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन कराने के लिए कहा। बसों की समय-समय पर फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से किया जाए साथ ही इन वाहनों में ओवर स्पीडिंग एवं ओवर लोडिंग के प्रकरण में परिवहन विभाग को कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय राज मार्गो में जंक्शन पॉइंट पर रंबल स्ट्रिप बनाने के दिए निर्देश

*कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिएए जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने यातायात नियमों का पालन एवं सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़को से जोड़ने वाले जंक्शन पॉइंट पर गति अवरोध के लिए मानक रंबल स्ट्रिप बनाने के निर्देश एसडीओ एनएच को दिए। इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये कहा। कलेक्टर ने ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराने एवं आमजनों से हेलमेट के उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्कूली बच्चों एवं नाबालिगों के वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए आवश्यक कार्य करने की बात कही। सभी स्कूलों में जाकर निरीक्षण कर जांच करने तथा ऐसे छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों को समझाइश देने के लिए कहा। इस हेतु शिक्षा विभाग व परिवहन विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने निर्देश दिए। उन्होने जिले के चिन्हांकित तीन ग्रे.स्पॉट्स कटघोरा के कसनिया मोड़, बांगो के मड़ई घाट, एवं बालको के परसाभाठा में विभागीय समन्वय से ऐसे स्थानों पर सुधार कराने के लिए कहा।*

## एक नजर

जिले में पर्याप्त रासायनिक खाद उपलब्ध, समितियों के मांग अनुसार की जा रही पूर्ति

जिले में 77 प्रतिशत हो चुका खाद का भंडारण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में खरीफ वर्ष 2023 में जिले में रासायनिक खाद का पर्याप्त भंडारण किया जा चुका हैं। किसानों के मांग अनुसार वर्तमान में 77 प्रतिशत खाद का भंडारण हो चुका है। कृषि कार्य को देखते हुए गत दिवस आयोजित बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने सभी एसडीएम को सोसायटियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। ताकि किसानों को खाद की समस्या न हों। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में कृषि विभाग द्वारा 29750 मे.टन का लक्ष्य रखा गया है। जिसके विरूद्ध आज दिनांक तक विपणन संघ के खाद गोदामों में 22779 मेण्टन खाद भण्डारण कराया जा चुका है जो कि लक्ष्य का 77 प्रतिशत है। जिसमें से आज तक 14007 मेण्टन रासायनिक उर्वरकों का समितियों में भण्डारण कराया गया है। जिले के खाद भण्डारण केन्द्रों में यूरिया रासायनिक खाद का 82 प्रतिशत एवं डीएपी रासायनिक खाद का 100 प्रतिशत भण्डारण कराया जा चुका है। जिसमें से 8772 मेण्टन रासायनिक खाद जिले के खाद संग्रहण केन्द्रों में बचत है। प्रदायक कंपनियों द्वारा भी समय-समय पर रासायनिक खादों की आपूर्ति की जा रही है। जिसे जिले की समितियों में मांग के आधार पर पूर्ति कराया जा रहा है। ताकि किसानों को कृषि कार्य हेतु रासायनिक खाद आसानी से उपलब्ध हो सके।

## टैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**कोरबा** । कोरबा-चांपा मार्ग पर उरगा के पास खड़े ट्रैक्टर से तेज रफ्तार बाइक जा टकराई। घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग में ट्रेलर व ट्रैक्टर चालक कहीं भी वाहन खड़ा कर रहे हैं। रात के वक्त सड़क किनारे खड़े वाहन दिखाई नहीं देने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। दिन में भी आधी सड़क में बेतरतीब ढंग से वाहन सड़क रहते हैं। ऐसा ही मामला उरगा थाना अंतर्गत सामने आया। ग्राम कुकरीचोली निवासी राधेश्याम कंवर 24 वर्ष अपने साथी सीताराम के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम के लिए निकला हुआ था। वर्षा होने की वजह से दोनों वापस घर लौट रहे थे, इसी दौरान सामने से आ रही ट्रेलर से बचने के चक्कर में बाइक सवार रास्ते में खड़े ट्रैक्टर से बाइक की भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक चालक राधेश्याम के सिर पर गंभीर रूप से चोट ली और उसकी स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

## सुलेसा एवं पंडरापाठ के 03 प्रकरण में आवेदक को वादभूमि का कब्जा दिया

### वादभूमि का कब्जा भूमिस्वामी पहाड़ी कोरवा महिला कोरेंग बाई, सोमारी बाई एवं पुसली बाई को दिलाया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

तहसीलदार बगीचा ने सुलेसा एवं पण्डरापाठ के 03 प्रकरण में आवदेक पक्ष के 03 पहाड़ी कोरवा महिलाओं को वादभूमि का कब्जा दिलाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बगीचा के द्वारा 170 ख के प्रकरण में पारित आदेश के तहत् वादभूमि का कब्जा भूमिस्वामी सन्ना तहसील के ग्राम सुलेसा के पहाड़ी कोरवा महिला कोरेंग बाई,



सोमारी बाई एवं पंडरापाठा के पुसली बाई को वापस दिलाये जाने के आदेश दिया गया है।

जिसके परिपालन में आज ग्राम सुलेशा एवं पंडरापाठ के आवेदक पक्ष के पहाड़ी कोरवा महिला कोरेंग बाई, सोमारी बाई एवं पुसली बाई को वादभूमि का कब्जा दिलाया गया है। कबजा मिलने से हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।



## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 49 हजार से अधिक हितग्राहियों को 151 करोड़ रुपए की राशि जारी किया

### जिले के 3131 हितग्राहियों के खाते में 757.65 लाख रूपए वर्चुअल के माध्यम से हस्तांतरित किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 49 हजार से अधिक हितग्राहियों को 151 करोड़ रुपए की राशि जारी की। जशपुर जिले से भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्र हितग्राही आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टोरेट के मंत्रणा सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जशपुर विधायक विनय भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित पात्र हितग्राही उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण जशपुर में जनसामान्य के लिए वरदान साबित हो रही है। विशेष तौर पर ऐसे गरीब, असहाय जिनके पास अपना पक्का मकान नहीं था और निर्धनता के कारण अपना आवास बनाने में असमर्थ थे। हर एक नागरिक का सपना होता है कि उसका अपना एक पक्का मकान हो, जिसमें वह अपने परिजनों सहित सुखदायी जीवन व्यतीत कर सके। जिलेव में कुल 94928 स्थायी प्रतीक्षा सूची में है जिनमें 2016.2023 तक 61784 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया है जिनमें वर्तमान में वर्षवार प्रथम किश्त 59260 द्वितीय किश्त 49074 तृतीय किश्त 46511, चतुर्थ किश्त 15507 हितग्राहियों को आबंटित किया गया है। आज दिनांक तक 44553 आवास पूर्ण हो गये हैं। शेष 17231 प्रगतिरत हैं। साथ ही मनरेगा अंतर्गत 95 दिवस की राशि का भुगतान किया जाता है।

आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रथम किश्त 1657, द्वितीय किश्त 225, तृतीय किश्त 228, चतुर्थ किश्त 1021 में कुल 3131 हितग्राही एवं 757.65 लाख कुल राशि वर्चुअल के माध्यम से चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों को सीधे उनके बैंक खाते में राशि हस्तांतरित किया गया है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों के खाते में राशि का किया अंतरण

## मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जारी की राशि

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही और बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवाओं को डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से उनके बैंक खाता में राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 1 लाख 16 हजार 737 युवाओं के खाते में बेरोजगारी भत्ते की तीसरी किश्त के रूप में 31 करोड़ 69 लाख 60 हजार रुपए की राशि ऑनलाईन अंतरित की। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 59 हजार से अधिक हितग्राहियों को 151 करोड़ रुपए की राशि जारी किए। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, विधायक रामपुकार सिंह, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रसन्न आर भी उपस्थित थे। इसी प्रकार कोरबा जिले के जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियों कांफ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर संजीव कुमार झा, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना व बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही मौजूद थे। कलेक्टर झा ने राशि अंतरण कार्यक्रम में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए






कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। बेरोजगारी भत्ता योजना की राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त की राशि का आज अंतरण किया गया। इससे लोगों को मकान बनाने में सुविधा होगी तथा बेरोजगारों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले सभी युवाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अंतरित राशि से बेरोजगारी भत्ता एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को निश्चित ही इससे लाभ होगा। पीएम आवास के

**जिले के 2763 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की 8 करोड़ 19 लाख से अधिक की राशि हुई जारी**

**बेरोजगारी भत्ता के रूप में 2968 युवाओं को अब तक 74 लाख 20 हजार का हुआ भुगतान**

हितग्राही इस राशि का उपयोग अपने आशियाने को पूर्ण करने एवं बेरोजगार युवा इसका उपयोग अपना भविष्य संवारने में करेंगें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को योजना का लाभ दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम में कोरबा जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 2763 हितग्राहियों को 8 करोड़ 19 लाख 55 हजार रुपए की राशि ऑनलाइन जारी हुई। जिसके अंतर्गत प्रथम किस्त के रूप में 1529 हितग्राहियों को 3 करोड़ 82 लाख 25 हजार, द्वितीय किस्त के 619 हितग्राहियों को 2 करोड़ 48 लाख 15 हजार, तृतीय किस्त के रूप में 402 हितग्राहियों को 1 करोड़ 59 लाख 50 हजार एवं चतुर्थ किस्त के रूप में 213 हितग्राहियों को 29 लाख 65 हजार रुपए की राशि उनके खाते में ऑनलाइन अंतरित किए। इसी प्रकार बेरोजगारी भत्ता के सबंध में जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले में योजना प्रारंभ होने से अब तक कुल 2968 बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के रूप में 74 लाख 20 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी डॉ. एसएन केसरी एवं डॉ.अशोक शाक्य नोडल आधिकारी एनएमएचपी के नेतृत्व में विगत दिवस स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से महिलाओं के साथ होने वाले घरेलु हिंसा उपरांत उत्पन्न मानसिक समस्याएं बच्चो में होने वाले परीक्षा के दौरान मानसिक समस्या एवं महिलाओ में प्रसव पूर्व एंव प्रसव उपरांत होने वाले मानसिक समस्या जैसे अनिद्रा,



बेचैनी, डर, घबराहट, गुस्सा, चिड़चिड़ापन, उदासी, नकारात्मक सोच आना, आत्महत्या के विचार आना आदि लक्षणों के संबध में जागरूक किया गया।

सीएमएचओ डॉ.केसरी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्यगत् समस्याएं इस दशक के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। कुछ अध्ययन बताते हैं, कई विकसित और विकाशील देशों में हर चार में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के मनोरोग का शिकार है चिंता.तनाव और अवसाद के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। जिले में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूक करने इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त प्रकार के लक्षण आने पर पर स्पर्श क्लिनिक मनोरोग विभाग जिला चिकित्सालय कोरबा एवं टेलीफोन हेल्पलाईन नं. 14416, 1800.8914416 टोल फ्री नंबर, में संपर्क किया जा सकता है। सीएमएचओ के द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ओरिएण्टल कॉलेज आफ नर्सिंग की छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।



# अपूर्ण कार्यों को समय पर पूर्ण करें और योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाएं-सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत

## स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के निर्देश, सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा, की बैठक लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद महंत ने निर्देशित किया कि जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु एमआरआईए सीटी स्कैन जैसी सुविधा उपलब्ध कराने तथा गुणवत्तामूलक शिक्षा हेतु स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए। सांसद ने जिले में सर्पदंश के इलाज हेतु एंटी एनम का पर्याप्त स्टॉक रखने, सिकलसेल की जांच करने, जर्जर हो चुकी आंगनबाड़ी का जीर्णोद्धार कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस




दौरान कलेक्टर संजीव कुमार झा ने सांसद द्वारा दिए गए निर्देशों का समय पर पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। दिशा समिति की विगत बैठक मे दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करने के पश्चात सांसद महंत ने मनरेगा के कार्यों की जानकारी ली और समय पर कार्य पूरा करने के साथ समय पर मजदूरी भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ग्रामीण महिला समूहों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में, बड़े हाट बाजारों में, धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यकतानुसार सामुदायिक शौचालय बनाने के साथ उचित प्रबंधन के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी ली और जिले में कराएं गए कार्यों का भौतिक सत्यापन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराए जाने के साथ हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने कहा। इस दौरान कटघोरा के मुक्तिधाम में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली और कहा कि कोरबा औद्योगिक जिला है और दुर्घटनाओं के दौरान समुचित उपचार की आवश्यकता बनी रहती है। ऐसे में सीटी स्कैन, एमआरआई आदि की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। सांसद ने दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए एम्बुलेंस व्यवस्था और बारिश में सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए अस्पताल में एंटी स्नैक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सांसद महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाए राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, सांख्यिकी विभाग,नगर पालिक निगम अंतर्गत संचालित आवास एवं पेयजल तथा स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, गौ.सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य गोदावरी राठौर,गणराज सिंह कंवर, नीलिमा धृतलहरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष कोरबा हरेश कंवर, जनपद अध्यक्ष कटघोरा लता कंवर, जनपद अध्यक्ष करतला सुनिता कंवर, जनपद अध्यक्ष पोड़ी.उपरोड़ा संतोषी पेंदरो, नगर पालिका परिषद कटघोरा अध्यक्ष रतन मित्तल, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा प्रेमलता यादव सहित, प्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारीगण और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# बघेल का दागदार चेहरा छुपाने टी एस को बनाया गया उप मुख्यमंत्री- ओपी चौधरी

## ओपी ने कहा मोदी द्वारा भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की गारंटी के बयान के बाद कांग्रेस घबराई

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

प्रदेश के बड़े राजनैतिक घटनाक्रम के तहत टी एस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद निजी चैनल की बहस में भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। इस बहस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी भी शामिल हुए। निजी चैनल के द्वारा दोनो राजनैतिक दलों के नेताओ को पूछा गया कि इस ताजपोशी के बड़ा जय वीरू की जोड़ी फिर से चुनावी मैदान मे आ गई या विरोध की वजह से सिंहदेव को डिप्टी सीएम की कुर्सी मिली। इस नए घटनाक्रम का कांग्रेस को लाभ मिलेगा या नही साथ ही नई ताजपोशी को भाजपा कांग्रेस का असंतोष बनाकर किस तरह हवा देने मे सफल होगी। कांग्रेस द्घ2 भूपेश पर भरोसे के दावे का क्या हुआ।%कका–बाबा卐 का एका प्रदेश की राजनीति में तुरुप का ईक्का बनेगा या नही। टीवी एंकर ने ओपी चौधरी से पूछा कांग्रेस का दावा है कि जो उप मुख्यमंत्री बना है वो खुश,जिसने बनाया है वो खुश,, जिसके साथ बना है वो खुश है लेकिन भाजपा के पेट मे क्यों दर्द हो रहा है। ओपी चौधरी ने कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी जी के सम्मान की बात कहते हुए कटाक्ष किया पार्टी की मजबूरी की वजह से तिवारी जी को यह बोलना पड़ा। उप मुख्यमंत्री बनाया जाना कांग्रेस की अंदरूनी मामला है। लेकिन कांग्रेस ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए भूपेश है तो भरोसा है का नारा बनाया था वह आज झूठा साबित हुआ। साढ़े चार साल बीतने के बाद आगामी चुनाव के लिए सौ दिन शेष है। पौने पांच साल तक भूपेश है तो भरोसा है का नारा रहा लेकिन विधान सभा चुनाव के सौ दिन पहले अचानक भूपेश के ऊपर भरोसा क्यों डोल गया ? इस नए प्रयोग पर आश्चर्य जताया। प्रदेश मे ई डी लगातार कार्यवाही कर रही है



**ओपी ने कहा हवा हो गया काका पर भरोसे दावा**

इस कार्यवाही में शराब घोटाला कोयला घोटाला उजागर हो चुका इसके अलावा यूरिया, रेत, भर्ती,ट्रांसफर पोस्टिंग सीमेंट सहित सभी क्षेत्रों में सक्रिय माफिया की वजह से भूपेश बघेल सरकार का चेहरा दागदार हो चुका है। इसलिए कांग्रेस नए विकल्पों कर विचार कर रही है।

**भाजपा के विरोध के आमने कांग्रेस ने हार मानते हुए हथियार डाल दिए। शैलजा जी ने**

आगामी मुख्यमंत्री के सवाल पर स्थिति स्पष्ट नही होने की बात कही। प्रभारी के बयान से स्पष्ट है कि भूपेश से इनका भरोसा गायब हो चुका है। आदरणीय राजेन्द्र तिवारी जी ने उप मुख्यमंत्री की ताजपोशी को आलाकमान का फैसला बताया

जबकि कैबिनेट को ही डिप्टी सीएम का निर्णय अधिकार होता है । राज्यपाल एवम मुख्यमंत्री के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण कर आलाकमान के आदेश पालन किया गया। आलाकमान संस्कृति के लोग संविधान को नीचा दिखाते है। भूपेश बघेल जी वैसे छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान का दवा करते है । लेकिन आलाकमान के चरणों मे सारा स्वाभिमान रख देते है। भाजपा से मुख्यमंत्री कौन होगा इस सवाल पर ओपी ने कहा

भाजपा कलेक्टिव लीडरशिप के आधार पर इसका निर्णय करती है।चुनाव के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है। कांग्रेस के लोग पौने 5 साल तक भूपेश पर भरोसे का दावा करते रहे आज उन्हे अपने मुख्यमंत्री का पता नही। सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने से हो रहे घमासान पर ओपी में कहा छग गठन के पश्चात जोगी सरकार के दौरान सिंहदेव जी को अपमानित किया गया।

चुनाव के पहले ही उन्हें राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष का पद दिया गया था। चुनाव के बाद सरगुजा की 8 मे से 7 सीट कांग्रेस से हार गई । इस बार भी चुनाव की 3 महीना शेष है। और उन्हें यह पद देकर लॉलीपॉप पकड़ाया गया है। टी एस सिंहदेव को बधाई देकर ओपी ने कटाक्ष करते हुए कहा बेरोजगारी भत्ते के लिए तमाम तरह के अवरोध लगाने के बाद भी टी एस सिंहदेव जी ने इस पद के रूप में बेरोजगारी भत्ता हासिल कर लिया। कांग्रेस के मौजूद अन्य पावर सेक्टर ताम्रध्वज साहू चरणदास जी का क्या होगा इसका परिणाम आना बाकी है। कांग्रेस की राजनीति को सत्ता की लड़ाई बताते हुए कहा भूपेश बघेल जी ने टी एस सिंहदेव को दायित्व पर बधाई दी है ।

*इससे साफ तौर पर साबित होता है कि सारे पावर उनके पास रहेंगे। जय और वीरू साथ रहते हुए चुनाव लड़ने से बीजेपी की परेशानी बढ़ने के सवाल पर कहा भारतीय जनता पार्टी का निश्चित रूप से जनादेश पिछले चुनाव में नही मिला था। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद 2003 में 2008 में 2013 में 2018 में चार चुनाव हुए चार में से 3 बार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जनता जनार्दन ने चुना । जबकि कांग्रेस की सरकार कही भी रिपीट नही करती यह मुख्यमंत्री न स्वीकार किया है ।*

## एक नजर

विश्व बाघ दिवस 2023

### बाघ सरंक्षण सहित स्थानीय परंपरा संस्कृति से प्रकृति सरंक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़–बीजापुर।


इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर द्वारा विश्व बाघ दिवस 2023 के अवसर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानीय महिला समूह,युवा,पुरुष वर्ग भाग ले सकते है। पेटिंग का थीम स्थानीय परंपरा.संस्कृति से प्रकृति सरंक्षण विशेषकर बाघ सरंक्षण पर आधारित रहेगा। पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 11 हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रुप में 7 हजार की राशि दी जाएगी। प्रतिभागी अपना पेटिंग 5 जुलाई 2023 को कार्यालय इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर में जमा कर सकते है।अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर.6267888924/6260634844 पर संपर्क कर सकते है।




# व्यापम परीक्षाओं की गड़बड़ी को लेकर ओपी मुखर हुए

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

व्यापम परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी को लेकर सत्ता विपक्ष में चल रही बयान बाजी को लेकर एक बार फिर प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने भूपेश सरकार को प्रश्न पत्रों की प्रतिलिपि दिखाते हुए यह सवाल पूछा है कि 13 जून को संपन्न हुई परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को सौपे गए प्रश्न पत्र के चार सेट में सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही क्यों है? ओपी चौधरी ने भाजपा कार्यकाल समेत कांग्रेस कार्यकाल के दौरान व्यापम में हुई गड़बड़ियों के सीबीआई जांच की मांग की थी जिस पर भूपेश बघेल ने तथ्य दिए जाने की बात कही थी। ओपी चौधरी ने बताया व्यापम परीक्षाओं के प्रश्न पत्र हेतु कुछ मापदंड निर्धारित किया गए है जिसमे पारदर्शिता हेतु अलग अलग प्रश्न पत्र दिए जाते है जिसमे भिन्न भिन्न प्रश्नों के अलावा उनके क्रम में भी भिन्नता होनी चाहिए लेकिन 13 जून को संपन्न हुई परीक्षा के दौरान ए, बी,सी, डी सभी सेट के सभी प्रश्नों का उत्तर एक ही है। सभी सेट के प्रश्नों के क्रम में अंतर नहीं होना संदेहों को जन्म देता है।



Chhattisgarh Vyavasayik Pariksha Mandal Raipur
Model Answer

Assistant Manager (Process)-LVAM23 Recruitment Exam 2023
(Exam Date : 13-06-2023 Time :09:00 AM )
Exam/Subject Code : 20362-FOH-BHR-MCM-M1

| Q.No. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D | Q.No. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D | Q.No. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D | Q.No. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D | Q.No. | SET-A | SET-B | SET-C | SET-D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | C | C | C | 26 | D | D | D | D | 51 | D | D | D | D | 76 | C | C | C | C | 101 | A | A | A | A |
| 2 | C | C | C | C | 27 | D | D | D | D | 52 | C | C | C | C | 77 | A | A | A | A | 102 | D | D | D | D |
| 3 | A | A | A | A | 28 | C | C | C | C | 53 | C | C | C | C | 78 | A | A | A | A | 103 | D | D | D | D |
| 4 | B | B | B | B | 29 | A | A | A | A | 54 | D | D | D | D | 79 | D | D | D | D | 104 | A | A | A | A |
| 5 | C | C | C | C | 30 | C | C | C | C | 55 | D | D | D | D | 80 | B | B | B | B | 105 | D | D | D | D |
| 6 | B | B | B | B | 31 | C | C | C | C | 56 | C | C | C | C | 81 | A | A | A | A | 106 | D | D | D | D |
| 7 | D | D | D | D | 32 | B | B | B | B | 57 | B | B | B | B | 82 | A | A | A | A | 107 | B | B | B | B |
| 8 | A | A | A | A | 33 | B | B | B | B | 58 | A | A | A | A | 83 | A | A | A | A | 108 | B | B | B | B |
| 9 | D | D | D | D | 34 | B | B | B | B | 59 | D | D | D | D | 84 | A | A | A | A | 109 | B | B | B | B |
| 10 | A | A | A | A | 35 | B | B | B | B | 60 | B | B | B | B | 85 | D | D | D | D | 110 | C | C | C | C |
| 11 | B | B | B | B | 36 | B | B | B | B | 61 | D | D | D | D | 86 | A | A | A | A | 111 | D | D | D | D |
| 12 | B | B | B | B | 37 | A | A | A | A | 62 | B | B | B | B | 87 | D | D | D | D | 112 | B | B | B | B |
| 13 | D | D | D | D | 38 | C | C | C | C | 63 | A | A | A | A | 88 | A | A | A | A | 113 | A | A | A | A |
| 14 | C | C | C | C | 39 | C | C | C | C | 64 | B | B | B | B | 89 | A | A | A | A | 114 | C | C | C | C |
| 15 | C | C | C | C | 40 | A | A | A | A | 65 | C | C | C | C | 90 | A | A | A | A | 115 | B | B | B | B |
| 16 | A | A | A | A | 41 | C | C | C | C | 66 | A | A | A | A | 91 | B | B | B | B | 116 | A | A | A | A |
| 17 | C | C | C | C | 42 | C | C | C | C | 67 | B | B | B | B | 92 | A | A | A | A | 117 | B | B | B | B |
| 18 | B | B | B | B | 43 | C | C | C | C | 68 | A | A | A | A | 93 | B | B | B | B | 118 | B | B | B | B |
| 19 | C | C | C | C | 44 | A | A | A | A | 69 | B | B | B | B | 94 | C | C | C | C | 119 | C | C | C | C |
| 20 | B | B | B | B | 45 | C | C | C | C | 70 | B | B | B | B | 95 | D | D | D | D | 120 | B | B | B | B |
| 21 | A | A | A | A | 46 | D | D | D | D | 71 | C | C | C | C | 96 | B | B | B | B | 121 | B | B | B | B |
| 22 | A | A | A | A | 47 | D | D | D | D | 72 | A | A | A | A | 97 | C | C | C | C | 122 | C | C | C | C |
| 23 | D | D | D | D | 48 | C | C | C | C | 73 | C | C | C | C | 98 | A | A | A | A | 123 | D | D | D | D |
| 24 | C | C | C | C | 49 | B | B | B | B | 74 | B | B | B | B | 99 | B | B | B | B | 124 | B | B | B | B |
| 25 | A | A | A | A | 50 | C | C | C | C | 75 | B | B | B | B | 100 | B | B | B | B | 125 | C | C | C | C |

CONTROLLER, C.G. VYAPAM, ATAL NAGAR, NAWA RAIPUR

# विस्फोटक के साथ मिलिशिया कमाण्डर गिरफ्तार

**थाना तर्रेम जिला पुलिस बल एवं केरिपु 168/ई. कम्पनी की संयुक्त कार्यवाही**

जोहार छत्तीसगढ़– बीजापुर।

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत 30 जून 2023 को थाना तर्रेम जिला पुलिस बल एवं सीआरपीएफ 168 ई.कम्पनी का संयुक्त बल थाना तर्रेम से ग्राम पटेलपारा तर्रेम की ओर एरिया डॉमिनेशन डयूटी पर निकली थी। एरिया डॉमिनेशन के दौरान पटेलपारा तर्रेम के पास टेकरी के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति जो पुलिस पार्टी को देखकर अपनी उपस्थिति छिपाते हुए भागने लगा। जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम तामू नंदा मिलिशिया कमाण्डर,पिता तामू कोवा उम्र 29 वर्ष निवासी तामूपारा बेदरे, थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा का होना बताया जिसके पास रखे पिटठू बैग की तलाशी लेने पर बैग से 03 पैकेट जिलेटिन, 02 नग डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर लगभग 01 मीटर, बड़ा डेटोनेटर लगा हुआ टीएलडी वायर, स्पीलिंटर लोहे का किल, लगभग 250 ग्राम बरामद किया गया। उक्त के विरूद्ध थाना तर्रेम में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।






### विधायक विक्रम मंडावी के लोकप्रियता एवं बढ़ते जनाधार से घबरा गए महेश गागड़ा-नीना रावतिया उद्दे

जोहार छत्तीसगढ़–बीजापुर।



जिला पंचायत सदस्य, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की सदस्य एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व विधायक विधायक महेश गागड़ा के एक बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार और बीजापुर में विधायक के रूप में विक्रम मंडावी चुने गए है तब से बीजापुर जिले में शहरों से लेकर गांवों तक के लोगों की मांग के अनुरूप सड़कें व पुल पुलिया बनाने, बिजली और पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने, हॉस्पिटल खोलने, स्कूल खोलने, राशन पहुंचाने और जमीनों का पट्टा देने जैसे मूलभूत कार्यों को किया है नीना रावतिया उद्दे ने आगे कहा कि विधायक विक्रम मंडावी हर किसी के सुख दुख का साथी बनकर लोगों की सेवा में दिन रात लगे रहते है यही कारण है कि विधायक विक्रम मंडावी का बीजापुर जिले में लोकप्रियता और जनाधार लगातार बढ़ रहा है विधायक विक्रम मंडावी के बढ़ते लोकप्रियता और जनाधार से महेश गागड़ा घबरा गए है इसलिए जब जब चुनाव नजदीक आते है तब तब महेश गागड़ा रायपुर से सीधे बीजापुर आते है और बीजापुर के लोकप्रिय विधायक विक्रम मंडावी को बदनाम करने की नियत से मीडिया में उल जुलूल बयान बाजी कर वापस सीधे रायपुर चले जातें है। पूर्व विधायक महेश गागड़ा एक चुनावी नेता है। दस सालों तक विधायक मंत्री रहते महेश गागड़ा ने क्षेत्र के विकास के लिए एक भी काम नहीं किया है क्षेत्र की जनता इस बात को अच्छी तरह जानती है। आने वाले समय में क्षेत्र की जनता कांग्रेस पार्टी को एक बार फि र से बारी बहुमत के साथ विजय बनाएगी।

### कोरबा के खिलाड़ियों ने राज्य ताइकांडो स्पर्धा में लहराया झंडा

**कोरबा,** । 19वीं राज्य स्तरीय जूनियर व छठवीं केडेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन रायगढ़ एवं छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो संघ के तत्वाधान में अग्रोहा भवन रायगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से 35 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाने के लिए शिरकत की। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर रायगढ़ के समाजसेवी सुनील रामदास अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस अवसर पर रायगढ़ सिटी के सीएसपी अभिनव उपाध्याय रश्मि खलको एनएसएस की अध्यक्ष सरोज गुप्ता विजय दुबे छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी कोषाध्यक्ष महेश दास जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल सचिव आरती सिंह, जिला संघ की संस्थापिका अल्का सिंह मौजूद थे। दो दिवसीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने दमखम का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी राजपत्रित अधिकारियों को संवेदनशील ग्रामों का भ्रमण कर आम जनता से भेंट मुलाकात करने हेतु निर्देशित किया

## महिलाओं व बच्चों से संबंधित मामलों एवं थाना/चौकी में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध का जल्द निराकरण करने दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज आईजीपी,डॉ.आनंद छाबड़ा भापुसे द्वारा जिला पुलिस बेमेतरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखा का निरीक्षण स्टेटमेंट के अधार पर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज आईजीपी, द्वारा जिला बेमेतरा वार्षिक निरीक्षण के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें जिले के नागरिकों के समस्याओं के निराकरण हेतु आकस्मिक योजना के तहत चलित थाना लगाने के निर्देश दिये। बेमेतरा जिले के थाना/चौकी में पंजीबद्ध अपराधों खासकर महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पंजीबद्ध मामलों की गंभीरता व संवेदनशीलता के आधार पर निराकरण करने तथा अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा, नशीली दवा पर नियंत्रण करने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने तथा थाना/चौकी में पंजीबद्ध चिटफं ड कंपनी के




विरूद्ध अपराध का जल्द से जल्द निकाल करने एवं अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देशो का समय पर पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। तथा पेंशन प्रकरणों, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने व विभागीय जांच समय पर निराकरण करने करने हेतु निर्देशित किया गया। तथा आम जनता से पुलिस का बेहतर संबंध बनाने, कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने, सायबर अपराधों व एटीएम फ्राड के संबंध में ग्रामो, स्कूल/कालेजो में जागरूकता अभियान चलाने, सोशल एक्टीविटी में पुलिस विभाग का सक्रिय रहने व आम जनता में पुलिस विभाग का विश्वास बढ़ाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तथा राजपत्रित अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राम भ्रमण कर गांव की समस्या सुनने व युवाओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये। आने वाले विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी राजपत्रित अधि.व थाना प्रभारियों को संवेदनशील ग्रामों का भ्रमण कर आम जनता से भेंट मुलाकात करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त वार्षिक निरीक्षण पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे, अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी ब्रिज किशोर यादव, रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी व निज सहायक दुर्ग रेंज श्रीनिवास राव एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि.कर्म. उपस्थित रहें।

# 4 जुलाई से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन महा आंदोलन

## स्वास्थ्य सचिव व संचालक स्वास्थ्य सेवाएं से मुलाकात पर नहीं बनी सहमति

जोहार छत्तीसगढ़– एमसीबी।

विगत 15 वर्षों से स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज मांगे पूरी ना होने पर कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित छत्तीसगढ़ के 50000 से ज्यादा कर्मचारी अब शासन से सीधे संघर्ष करने को तैयार हैं। अपनी जायज मांगों को पूरा नही होता देख अब उनके द्वारा 4 जुलाई 2023 से अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की तैयारी कर ली गई है। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री आरडी दीवान, जिला अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर बताया है की 24 सूत्रीय मांगों को लेकर जिसमें केंद्रीय कर्मचारियों के समान वेतन, पुलिस विभाग की भांति वर्ष में 13 माह का वेतन, चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान, नियमितीकरण 62 वर्ष की सेवा गारंटी और अन्य मांगों को लेकर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर मैदानी स्तर तक सभी नियमित, संविदा एएनएचएम,जीवनदीप समिति के सभी कर्मचारी 4 जुलाई से अनिश्चितकालीन आंदोलन में रहकर सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं बंद करेंगे। समस्त कर्मचारियों द्वारा शासन की कर्मचारी विरोधी नीतियों से व्यथित होकर इस आंदोलन से जनमानस को होने वाली असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया गया है और आंदोलन को अपनी मजबूरी बताया है।



**मरीजों को होने वाली परेशानियों पर जताया खेद**




# सीमेंट प्लांट के कन्वेयर बेल्ट में फंसी मवेशी की गई जान

## सीमेंट प्लांट के सुरक्षा व्यवस्था की घोर लापरवाही आई सामने, आखिरकार मवेशी की मौत का जिम्मेदार कौन?

जोहार छत्तीसगढ़– बलौदाबाजार।

जिले मुख्यालय से महज ही दूरी पर रवान में अडानी अंबुजा सीमेंट संयंत्र स्थापित है और कई वर्षों से यह संयंत्र प्रारंभ है मगर सीमेंट संयंत्र के ऊपर लगातार कई तरह की बातें सामने आती रहती है जैसे मजदूरों का, पर्यावरण का, खनिज एरिया के संसाधनों का, पानी की समस्याओं का, ब्लास्टिंग का, सीमेंट संयंत्र के वाहनों का और ना जाने कैसी कैसी बातें जो सीमेंट संयंत्र से रहती है। सीमेंट संयंत्र में आज देखा गया कि सीमेंट संयंत्र के कन्वेयर बेल्ट में एक मवेशी की दर्दनाक मौत हो गई और इस तरह से जो घटना सामने दिखाई थी उसमें साफ तौर पर सीमेंट संयंत्र प्रबंधन के ऊपर लापरवाही दिखाई दे रही है क्योंकि इसमें कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं की मवेशी माइनिंग क्षेत्र में कैसे गई। क्या माइनिंग क्षेत्र खुला स्थान है। सुरक्षाकर्मी क्या कर रहे थे। क्या किसी ने माइनिंग क्षेत्र में मवेशी को जाते हुए नहीं देखा। और गेट से माइनिंग की दूरी कितनी थी। कैसे अचानक मवेशी वहां चली गई और सबसे बड़ी बात क्या कोई कैमरा में पता नहीं चला या सुपरवाइजर का ध्यान नहीं रहा।

**राज्य सरकार की नरूवा,घुरवा,बाड़ी योजना अभियान फेल**

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरूवा घुरवा बाड़ी कहने को तो बहुत बड़ी योजना है मगर हम धरातल पर जाकर देखें तो आज भी मवेशी रोड पर और कई गली मोहल्ले और सड़क मार्ग पर दिखाई देते रहते हैं लगभग 4 साल से ऊपर होने को सरकार को अगर राज्य सरकार की जो महत्वकांक्षी योजना कब पहल है वहां धरातल पर ही सिमट कर रह गई है और यह योजना लगभग फिसड्डी साबित हो रही है यह मामला राज्य सरकार की योजना बहुत ही अच्छी है और अगर यहां धीरे.धीरे पटरी पर आ जाए वास्तव में पहले जैसे ही सभी कार्यों और मवेशियों का रखरखाव से लेकर चारा पानी की व्यवस्था तथा सुरक्षित हर कार्य के तहत व्यवस्था हो जाएगी आज वह धरातल पर कुछ प्रतिशत में दिखाई दे रही है और इसी का परिणाम है कि मवेशी यहां वहां घूम रहे हैं और अपने भोजन और पानी की व्यवस्था में लगे हैं और इसी तारम्य में मवेशी घूमते विचरण करते हुए प्लांट के अंदर पहुंचा और ना जाने कैसी अवस्था में वह काल के ग्रास में समा गया। और इतना ही नहीं एक मवेशी तो कन्वेयर बेल्ट में फ स के परलोक सिधार गए मगर वहां पर देखा गया कि प्लांट के अंदर से सुरक्षाकर्मी के द्वारा एक बछड़े को बाहर खदेड़ा जा रहा था इस तरह से ऐसा लग रहा है मानो सुरक्षाकर्मी की ढिलाई के कारण यह सब स्थिति निर्मित हुई।








# कलेक्टर के निर्देश पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दो बीएमओ की जांच दल ने जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिये निर्देश

## सीएचएमओ ने मामले में चर्चा के दौरान कहा, जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्यवाही हो पायेगी

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

आपको बता दे कि बीते दिवस खबर प्रकाशन किया गया। जिस पर जिला कलेक्टर द्वारा मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सीएचएमओ बलौदाबाजार को निर्देश देते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिये कहा गया जिसपर सीएचएमओ द्वारा मामले को तत्काल जांच दल गठित कर मामला को स्पष्ट करने के लिये जिला स्तरीय जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके। मामला कुछ इस प्रकार है बलौदाबाजार–भाटापारा जिले मे कई तरह का भ्रष्टाचार,गबन, घोटाला जैसे कारनामे दिखाई देते रहते हैं और जिले के कलेक्टर को आज ही एक आवेदिका ने आवेदन दिया जिसमें अंजन सिंह चौहान तथा स्टाफ नर्स के द्वारा प्रसव कराने के लिए 10000 रूपए की राशि की मांग की बात आई सामने मामला का विवरण इस प्रकार से है कि दुर्गा श्रीवास पति सुनील श्रीवास के द्वारा पिछले महीने गर्भावस्था में सोनोग्राफ ी कराने जिला अस्पताल गए हुए थे जिस पर उसे डॉक्टरों ने बताया कि प्रसव का समय हो चुका है और यह सामान्य तौर पर नहीं बल्कि ऑपरेशन करना पड़ेगा तब श्रीवास परिवार के द्वारा अंजन सिंह चौहान खंड चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात किया गया जिस पर सोनोग्राफी रिपोर्ट बताया गया जिस पर खंड चिकित्सा अधिकारी ने साफ तौर पर कहा कि हमारे यहां सर्जिकल प्रसव कराने के लिए डॉक्टर नहीं है और शासन द्वारा हमें नहीं मिला है अत: बाहर से डॉक्टर बुलाना पड़ेगा जिसके लिए आप लोगों को 10000 रूपए की राशि देना पड़ेगा तभी यह प्रसव कार्य हो पाएगा और नहीं तो आप निजी अस्पताल में जाकर 50000 रूपए देकर ऑपरेशन करवा सकते हैं जिस पर समय को जाया ना करते हुए श्रीवास परिवार के द्वारा कहा गया कि क्या हॉस्पिटल प्रबंधन के द्वारा निशुल्क यह प्रसव नहीं कराया जाता सर जिस पर अंजन सिंह चौहान खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा साफ तौर पर कहा गया कि 10000 रूपए लगेगा तभी आपका और सब कार्य सफल हो पाएगा अन्यथा नहीं होगा जिस पर दूसरे ही दिन 30 मई 2023 को श्रीवास परिवार के द्वारा सुबह 9 बजे गर्भवती महिला को वार्ड में भर्ती कराया गया तथा दिन भर इंतजार करवाने के बाद रात्रि 10–11 बजे के आसपास ऑपरेशन के लिए ऑपरेशन कक्ष में ले जाया गया उसके बाद स्टाफ नर्स के द्वारा 10000 रूपए की मांग की गई जिस पर परिजन के द्वारा कहा गया कि हम लोग गरीब हैं और इतना पैसा कहां से लाएंगे और सरकारी अस्पताल में तो सब नि:शुल्क होता है और ऐसा कहीं भी और सरकारी अस्पताल में पैसा नहीं देना पड़ता तथा हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध है इस प्रकार की बात परिजनों के द्वारा कही गई मगर नर्स ने कहा कि डॉ अंजन सिंह चौहान जो यहां के बड़े साहब हैं उसको पैसा देना पड़ता है वही मांग रहे हैं और ऐसा बोलकर स्टाफ नर्स के द्वारा जबरदस्ती धमकाने का कार्य किया गया और धमकाते हुए उन्होंने कहा कि अगर पैसा नहीं दोगे तो हम ऑपरेशन कर देंगे लेकिन पेट में टांका नहीं लगाएंगे इस प्रकार की धमकी भरी बात नर्स के द्वारा कही गई जिस डर के मारे परिजनों के द्वारा तत्काल रात्रि 11 बजे पैसे की तत्काल व्यवस्था करके 10000 रूपए स्टाफ नर्स को नर्सिंग कक्ष में दिया गया तब जाकर महिला के पेट में टांका लगाया गया। श्रीवास परिवार ने यह भी अपने प्रपत्र में लिखा है की ऑपरेशन कक्ष से वार्ड में शिफ्ट करने के बाद दिनांक 01 जून 2023 को स्टाफ नर्स के द्वारा डिस्चार्ज करने के लिए पुन: 5000 रूपए की मांग करने लगी तब परिजनों ने कहा कि 10000 रूपए ले लिए हो अब और काहे का पैसा देना पड़ेगा जिस पर भी नर्स के द्वारा पैसा देना पड़ता है नहीं तो डिस्चार्ज नहीं होगा कहा गया जिस पर परिजनों के द्वारा उसे लो चाय पानी पी लेना करके 100 रूपए नगद दिया गया। जिस पर नर्स के द्वारा हम भिखारी है क्या ऐसा बोल कर पैसा को जमीन पर फेंक दिया गया उसके पश्चात 200 रूपए परिजनों के द्वारा दिया गया जिस पर स्टाफ नर्स ने वह पैसा ले लिया। इन सभी वाक्यांशों से कई प्रकार की अस्पताल प्रबंधन से गतिविधि दिखाई दे रही है और क्या एक नर्स को इस तरह का पैसा लेना शोभा देता है। क्या खंड चिकित्सा अधिकारी को प्रसव के मामले। अब देखने वाली यह होगी की कि आवेदनकर्ता द्वारा जो शिकायत की गयी है वह उसमे कितने सत्यता है और अगर अगर शिकायत की पुष्टि हो जाती है तो किस प्रकार से कार्यवाही होंगी क्या जिला में बने अन्य सभी विभागों की तरह की पूर्व जांच परम्परा अभयदान को बनाय रखेगी या एक नये सिरे से उचित कार्यवाही कर नया मिशाल अब पेश करेंगी साथ हीं प्रशासन में बैठे अधिकारी कर्मचारी के मनमानी, कर्तव्य के प्रति गैर जिम्मेदाना रवैया या प्रशासनिक पदों को दुरपयोग, प्रशासनिक पदों पर बैठ कर व्यक्तिगत स्वार्थ को जांच रूपी अनुचित कार्यवाही कर तमाचा मारा जायेगा जिसमे इस प्रकार के गतिविधियों का पूर्नावृति भविष्य में न हो ताकि सरकार की छवि इन प्रशासनिक नुमाइंदो जो अपने पेट पूर्ति को अंजाम देते है के कारण प्रभावित न हो।

** कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय जांच दल बनाया गया है जांच दल द्वारा रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जायेगा तत्पश्चात रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। डी.पी. माहिश्वर,जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,बलौदाबाजार भाटापारा*


**खंड चिकित्सक अधिकारी तथा स्टाफ नर्स के ऊपर 10 हजार रिश्वत लेने का लगा आरोप**
पैसा नहीं देने पर ऑपरेशन होगा मगर पेट में टांका नहीं लगेगा

**खबर का हुआ असर**

- पलारी बीएमओ एवं सिमगा बीएमओ द्वारा किया जायेगा मालमे की जांच
- खंड चिकित्सक अधिकारी एवं स्टाफ नर्स के ऊपर 10 हजार रिश्वत लेने का लगा आरोप
- पैसा नहीं देने पर ऑपरेशन होगा मगर पेट में टांका नहीं लगेगा

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय चिरमिरी में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी में विधिक साक्षरता शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीप्ति सिंह गौर व्यवहार न्यायधीश वर्ग 1 न्यायालय चिरमिरी और मनोज कुमार कुशवाहा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 न्यायालय चिरमिरी थे। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में अतिथियों ने छात्र–छात्राओं को उनके कर्तव्य और अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और आगे भविष्य में कानून से प्राप्त अधिकारो के प्रति जागरूक रहने की सलाह दिया साथ ही कानून की पढ़ाई को लेकर भी प्रेरित किया। शिविर के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने अपने अधिकारों के सम्बन्ध में जिज्ञासा पूर्ण प्रश्न किये जिसका अतिथियों ने समाधान किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ डी के उपाध्याय, प्रधान पाठक टुकेश्वर पटेल,इश्मीत कौर कोहली, शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र गण उपस्थित रहे।

### हर घर जाकर कांग्रेस सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को बताना है-जय सिंह अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।




प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ चलो अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद सकती तीन वार्डो में पहुँच कर पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं से चर्चा की बूथ कमेटी के संबंध में जानकारी ली मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा कि बड़े नेताओं के प्रतिनिधित्व करने से विकास के नये रास्ते बनते है आपने हमारे नेता डॉ चरण दास महन्त को विधानसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत से चुनकर भेजा इसका लाभ मिला सकती सबसे पुरानी तहसील को लम्बे समय से यहां के लोगों अधिवकताओं द्वारा जिला बनाने की मांग की जा रही थीं जिला महन्त कारण ही बना है दूसरे किसी नेट में दम नहीं था बड़े नेता को चुनने से पूरे विधानसभा क्षेत्र में बढ़िया सड़क बिजली पानी शिक्षा चिकित्सा सुविधा एवं नये–नये परियोजनाओं के आने से लोगों का लाभ मिला हैं आने वाले विधानसभा चुनाव में और अधिक वोटों से महन्त को जिताइये लोगों रोजगार के अवसर मिलेंगे बड़े काम होंगे इसके पहले सकती कि इतनी अच्छी समृद्धि नहीं रही मैं भी हमेशा सकती आ रहा हुं देख रहा हूं वार्ड नं 16 के लोगों ने मंत्री जय सिंह अग्रवाल के आभार व्यक्त किया कि उन्हें पट्टा मिला जिसमें निवासरत हैं इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सकती के अध्यक्ष सुषमा जायसवाल शहर कॉग्रेस अध्यक्ष दादू जायसवाल मंडी अध्यक्ष रश्मि गवेल न पा प पूर्व अध्यक्ष जिला कॉग्रेस उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल कोषाध्यक्ष एव पूर्व अध्यक्ष नरेश गेवाडीन आनद अग्रवाल घनश्याम पांडे गीता देवांगन महबूब खान अलका जायसवाल वरिष्ठ पार्षद ईश्वर लोधी पार्षद गजाधर यादव रिक्की सेवक मोहन देवांगन वार्ड 16 बूथ अध्यक्ष पूर्व पार्षद संतोष सोनी ताहिर कमर विजया जायसवाल पुष्पा जायसवाल देवेश जायसवाल सूरज सोनी जिला कॉग्रेस महामंत्री गुरुदेव चौधरी विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल सुरेश देवांगन सुरेश डेन्सिल अनिल रौतिया कुसुम यादव मनोज जायसवाल संभु जायसवाल यशवंत जायसवाल छोटे लाल जायसवाल घनश्याम जायसवाल चंदन देवांगन रमेश देवांगन भुरू अग्रवाल सोनू कुरैशी सहीत पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री बघेल ने बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को किया राशि अंतरण

### जिले के 2800 से अधिक हितग्राहियों को मिली बेरोजगारी भत्ता की राशि

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1 लाख 16 हजार 737 युवाओं के खाते में बेरोजगारी भत्ते की तीसरी किश्त के रूप में 31 करोड़ 69 लाख 60 हजार रुपए की राशि ऑनलाईन अंतरित की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के पात्र हितग्राहियों से चर्चा की और सभी को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में हितग्राही जुड़े थे। साथ ही सभी जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पात्र हितग्राही भी जुड़े हुए थे। जिसमें जशपुर जिले से भी पात्र हितग्राही आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टोरेट के मंत्रणा सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जशपुर विधायक विनय भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित पात्र हितग्राही उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक विनय भगत ने सभी हितग्राहियों बधाई देते हुए लक्ष्य प्राप्त करने कड़ी मेहनत करने शुभकामनाएं दी। बेरोजगारी भत्ता मिलने से अपने जरूरी आवश्यकताओं की चीजों को युवा प्राप्त कर सकेंगे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में आगे बढ़ सकेंगे।बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत प्रदेश में 1 लाख 16 हजार 737 युवाओं के खाते में बेरोजगारी भत्ते की तीसरी किश्त के रूप में 31 करोड़ 69 लाख 60 हजार रुपए की राशि ऑनलाईन अंतरित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जशपुर जिले में 2895 आवेदन स्वीकृत हुए है जिसमें 2800 से लोगों के खाते में पैसा हस्तांतरित हुए हैं। जशपुर जिले में अभी तक कुल 4 हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं ने पंजीयन किया है।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत सभी ग्राम पंचायतों को जल्द बनाएं ओडीएफप्लस–डॉ. आशुतोष

* जिला पंचायत सीइओ के निर्देश पर प्रत्येक जनपद के सरपंच, सचिवों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।



कोरिया एवं एमसीबी जिले के सभी ग्राम पंचायतों को ओडीएफप्लस के पायदान पर ले जाना है और इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। ग्राम पंचायतों में ग्राम के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव यदि ग्राम को स्वच्छता के मानक आयाम पर पहुंचाना चाहें तो यह काम बहुत ही सरलता से और जल्द पूरा किया जा सकता है। उक्ताशय के उद्गार व्यक्त करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोरिया जिले के सोनहत और बैकुंठपुर जनपद पंचायतों के साथ ही एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ए खडगंवा और जनपद पंचायत भरतपुर को मिलाकर सभी 363 ग्राम पंचायतों को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ओडीएफप्लस की श्रेणी में लाना है। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था बनाने व सामाजिक गतिविधियों को स्वच्छता मानकों के अनुकूल करने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिवों को नियमित तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की जिला समन्वयक को दायित्व सौंपा गया है वह एक सप्ताह से डीपीआरसी भवन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के इस मानक ओडीएफप्लस के बारे में सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों को प्रशिक्षित कर रही हैं। जिला पंचायत सीइओ डॉ आशुतोष ने आगे बताया कि ओडीएफ के आगे ओडीएफ प्लस का मानक तय किया गया है। इसके लिए सभी घरों में व्यक्तिगत शौचालयों के साथ ही समस्त सार्वजनिक स्थानों पर षौचालयों की व्यवस्था की जानी है। साथ ही सभी विद्यालयों में, आंगनबाड़ी, चिकित्सालयों सहित प्रत्येक शासकीय संस्थान में स्वच्छता के मानक अनुरूप शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, आवश्यक साफ–सफ ाई, ठोस एवं तरल अपषिष्ट प्रबंधन के मानक अनुरूप संरचनाओं का निर्माण किया जाना तय किया गया है।

इससे ग्राम पंचायत स्तर पर हेंडपंप के उपयोग के बाद बचे हुए व्यर्थ जल को भी सही तरीके से निपटाने के लिए सोख्ता गढ्ढे भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि ग्राम पंचायतों में सूखे कचरे के निपटान के लिए घर–घर कचरा कलेक्षन का कार्य भी बड़ी पंचायतों में आरंभ कर दिया गया है।

आने वाले समय में इसे आव,यकतानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत तक ले जाने की कार्यवाही कराई जाएगी। सीइओ ने बताया कि इस संबंध में ग्राम पंचायतों की भूमिका और की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में डीपीआरसी के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कोरिया जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाली सभी 363 ग्राम पंचायतों को ओडीएफप्लस के मानक तक ले जाने के लिए अलग–अलग समय–सीमा निर्धारित की गई है और इस वर्ष के अंत तक पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से कोरिया एवं एमसीबी जिले के सभी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस बना लिया जाएगा।



# मुख्यमंत्री ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले के कुल 1090 हितग्राहियों को 2 करोड़ 90 लाख 70 हजार रुपए की राशि ऑनलाइन जारी

### बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत 1001 युवकों के खाते में ऑनलाइन 25 लाख 2 हजार 500 की राशि अंतरित

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 1090 हितग्राहियों को 2 करोड़ 90 लाख 70 हजार रुपए की राशि ऑनलाइन जारी की। उन्होंने प्रथम किस्त के रूप में 520 हितग्राहियों को 1 करोड़ 30 लाख, द्वितीय किस्त 163 हितग्राहियों को 73 लाख 49 हजार, तृतीय किस्त के रूप में 105 हितग्राहियों को 47 लाख 1 हजार एवं चतुर्थ किस्त के रूप में 302 हितग्राहियों को 40 लाख 20 हजार रुपए की राशि उनके खाते में ऑनलाइन अंतरित किए। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियों कांफ्रेंसिंग के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेंदाती तिवारी, जनपद पंचायत की अध्यक्ष सौभाग्यवती कुसरो, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की उपाध्यक्ष आशा महेश साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना व बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही मौजूद थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के 05 हितग्राही मौजूद थे। जिन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया गया। ग्राम नगर की राम प्रताप ने बताया कि आज पहली किस्त मिलने से घर बनाने का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। वे अपने कच्चे मकान में 4 परिवार के साथ रहती हैं। लेकिन आवास योजना की राशि आ जाने से उनके पक्के घर का सपना पूरा होगा। इसी ग्राम के श्री सीता सरन ने बताया कि आज उन्हें चौथा किस्त प्राप्त हो गया है और घर भी लगभग पूर्णता की ओर है। अब जल्द ही अधूरे काम पूर्ण करके पक्के आवास में परिवार सहित रहेंगे। उन्होंने राशि जल्द स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की राशि जारी**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आज बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत जिले के कुल पंजीकृत 1001 बेरोजगार युवकों के में 25 लाख 2 हजार 500 रुपए की राशि ऑनलाइन अंतरित किए। इसी तरह ग्राम सलबा के रामू सिंह ने बताया कि आज उन्हें बेरोजगारी भत्ता तीसरा किस्त प्राप्त हुआ और वह इस राशि को अपने कम्प्यूटर की पढ़ाई के लिए उपयोग करेगें। इसी तरह सुश्री मेघा सिंह ने तीसरी किस्त मिलने पर खुशी जाहिर की है।

# शायद अब नगर पंचायत को मिला स्थाई अध्यक्ष

### सम्मिलन में तरुण श्याम साहू फिर हुई निर्विरोध

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।




नगर पंचायत धरमजयगढ़ में लगातार अध्यक्ष बदले जाने के बाद अब लग रहा है शायद स्थाई अध्यक्ष मिला। क्योंकि आज हुए सम्मिलन में तरुणश्याम साहू पुन: निर्विरोध अध्यक्ष बनी। सुबह से ही नगर पंचायत कार्यालय में गहमागहमी थी। हालांकि भाजपा पार्षदों ने इस सम्मिलन से दूरी बना लिया था। कांग्रेसी नेता सुबह से ही कुर्सी लगाकर बैठ गए थे। हालांकि यह तय था कि साहू निर्विरोध होगी। बता दें कि नगर में विगत कुछ दिनों में नगर पंचायत को कई अध्यक्ष मिल गया। अध्यक्ष तरुणश्याम साहू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जो पारित हो गया। जिसके बाद उपाध्यक्ष टारजन भारती अध्यक्ष की कुर्सी संभाल रहे थे। इसी बीच पार्षद भावना जेठवानी को कार्यवाहक अध्यक्ष बनने शासन से आदेश जारी हो गया। उसे कुर्सी में बैठे दो चार दिन ही हुए थे की शासन के आदेश को हाई कोर्ट ने अवैध बताकर खारिज कर दिया। जिसके बाद उपाध्यक्ष टारजन भारती फिर अध्यक्ष की कुर्सी संभाल लिया। इसी बीच शासन द्वारा अध्यक्ष निर्वाचन के लिए सम्मिलन कराने आदेश जारी हुआ। जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। जिनके द्वारा 30 जून को सम्मिलन कराने घोषणा की गई। आज हुए सम्मिलन में तरुण श्याम साहू पुन: निर्विरोध निर्वाचित हो गई। सूत्रों से पता चला है कि नगर पंचायत के ही एक पार्षद द्वारा अध्यक्ष तरुण श्याम साहू के पुन: अध्यक्ष बनने को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि जिस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। जो अपना विश्वास खो चुकी है वह पुन: अध्यक्ष नहीं बन सकती। इस मामले में अभी तक कोर्ट से कोई फैसला नहीं आया है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in